# कलेक्टर ने किया चौपाटी और प्रस्तावित रपटा निर्माण स्थल पुरानी बस्ती का निरीक्षण

### पुरानी बस्ती से सर्वमङ्गला तक प्रस्तावित रपटा निर्माण स्थल का किया अवलोकन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अजीत वसंत ने निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय एवं अन्य अधिकारियों के साथ घंटाघर ओपन थियेटर के समीप स्मृति उद्यान के पीछे स्थित चैपाटी का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वसंत ने चैपाटी में पूर्व में किए गए विकास व निर्माण कार्यों की आवश्यकतानुसार मरम्मत करने, पेवर ब्लाक, ड्रेन निर्माण के साथ-साथ पानी, बिजली की सुविधा सुनिश्चित कराए जाने व चैपाटी की साफ-सफ ई कर उसे व्यवस्थित किए जाने के निर्देश दिए । उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि घंटाघर मैदान के चैपाटी संघ के पदाधिकारियों व अध्यक्ष से चर्चा कर उनकी सहमति से ठेले गुमठी की शिफ्टिंग स्मृति उद्यान के पीछे स्थित उक्त चैपाटी में करने की योजना बनाएं तथा चैपाटी शिफ्टिंग के पश्चात आवश्यकतानुसार चैपाटी को और अधिक विकसित व सुविधायुक्त स्वरूप दिए जाने की कार्ययोजना पर काम करें। कलेक्टर श्री वसंत ने कोरबा पुरानी बस्ती से सीधे सर्वमंगला मंदिर तक रपटा निर्माण के मद्देनजर उक्त स्थल का निरीक्षण किया । यहाँ उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा अपने कोरबा प्रवास के दौरान कोरबा पुरानी बस्ती से सर्वमंगला मंदिर तक सीधी पहुंच हेतु हसदेव नदी के उक्त स्थल पर रपटा निर्माण की घोषणा की गई थी। मुख्यमंत्री के द्वारा की गई उक्त घोषणा को अमलीजामा पहनाने व रपटा निर्माण की दिशा में कार्यवाही को गति देने के संदर्भ में उक्त स्थल निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि रपटा निर्माण के पश्चात पुराने कोरबा शहर से सर्वमंगला मंदिर व कुसमुण्डा की ओर जाने के लिए शार्ट-कट मार्ग सुलभ हो जाएगा तथा यह दूरी अत्यंत कम हो जाएगी, वहीं वहाँ का ट्रेफिक डायवर्ट होने से कोरबा शहर की यातायात व्यवस्था पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रेलवे फाटक बंद होने से पुराने कोरबा शहर की ओर से सर्वमंगला रोड व कुसमुण्डा की तरफ जाने वाले नागरिकों को होने वाली असुविधा एवं समय की बर्बादी को भी रोका जा सकेगा।इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के साथ ही अपर आयुक्त विनय मिश्रा, निगम के अधीक्षण अभियंता एम. के. वर्मा, जोन कमिश्नर ए. के. शर्मा, विनोद शांडिल्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, विनोद गोंड़, सुनील वर्मा, सुमित गुप्ता, आनंद राठौर, प्रिंस सिंह आदि उपस्थित थे।



# जिला पंचायत सीईओ ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





### दुर्घटनाओं से बचने के लिए बाइक सवारों ने हेलमेट पहन दिया संदेश

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-** आज मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बाइक रैली को संयुक्त जिला कार्यालय सूरजपुर से शुरू कर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू एवं अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में लोगों ने हेलमेट पहनकर सड़क सुरक्षा को लेकर भी लोगों को जागरूक किया। इस दौरान पुलिस, यातायात,शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती साहू ने कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने के लिए इस रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान करना प्रत्येक मतदाता का अधिकार है। इसके माध्यम से ही वह अपनी आवाज शासन तक पहुंचा सकता है इसलिए सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। जागरुकता बैनर लेकर सयुक्त जिला कार्यालय से शुरू हुई जागरूकता रैली का समापन अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड सूरजपुर में किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ द्वारा सड़क मतदाताओ को जागरूक करते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी दिलाई। इस बाईक रैली के माध्यम से बाइक सवारों द्वारा हेलमेट पहनकर अपनी सुरक्षा का संदेश भी दिया है।

गौरतलब है कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं आम जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत राज्य भर में सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले भर में लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कराया जा रहा है।

# 1, 15 एवं 16 जनवरी को वय वंदना कार्ड के लिये विशेष अभियान




**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )** जिले में बनाये जा रहे वय वंदना कार्ड आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत जिले में सभी 70 साल से अधिक (सिनियर सिटिजन) हितग्राहियों का वय वंदना आयुष्मान कार्ड पंजीयन को किया जाना है। इस संबंध में वय वंदना योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड मोबाइल एप्लीकेशन एवं पोर्टल के माध्यम से बनाया जा सकता है। 70 साल से अधिक आयु के हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने से उनको पंजीकृत चिकित्सालयों में 5 लाख तक की मुक्त इलाज की सुविधा प्रदान कि जाएगी। जिले में 70 साल या अधिक उम्र के समस्त हितग्राहियों का 11, 15 एवं 16 जनवरी 2025 को विशेष अभियान चला कर घर-घर जा कर वय वंदना कार्ड बनाया जाएगा। जिले के समस्त आयुष्मान कार्ड से वंचित हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वे अपना आयुष्मान कार्ड आवश्यक रुप से बनवाए एवं भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेवें। आयुष्मान कार्ड/वय वंदना कार्ड हेतु अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, च्वाईस सेंटर में तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क करें।

# जिले में किया जा रहा जन जागरूकता कार्यक्रम

**जशपुरनगर(विश्व परिवार)।** राज्य शाासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में 10 से 28 फरवरी 2025 तक राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत् सामूहिक दवा सेवन गतिविधि का क्रियान्वयन किया जाना है। इसके पूर्व कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिले में जन-जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत् जिल के स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम कर बच्चों तथा शिक्षकों को फाईलेरिया से संबंधित जानकारी दी गई और दवा खाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अपने-अपने घरों में सभी को दवाईयॉ सेवन कराने के लिए कहा गया। जिले में जागरूकता हेतु कचड़ा गडियों में फाईलेरिया संबंधित आडियों संदेश बजवाना, स्कूल में प्रार्थना उपरांत सभी बच्चों तथा शिक्षकों के शपथ लेना एवं रैली निकालकर समाज के लोगों को बिमारी के प्रति जागरूक करने में सहयोग करना, पी.डी.एस. डिलरों को फाईलेरिया संबंधित बैनर लागना, ताकि जनसमूदाय को जानकारी हो सके। जप्रतिनिधि, वार्ड पार्षदों के माध्यम से खुद दवा खाकर कार्यक्रम कर उद्घाटन करना तथा समाज में जागरूक करने में सहयोग करना आदि संस्थानों के माध्यम से माईकिंग कर एवं अन्य माध्यामें से जन जागरूक करने में सहयोग करना शामिल है।

# यातायात एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजन

### साइबर ठगों से बचने के लिए लोग रहे सतर्क- कलेक्टर

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**-सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं आम जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से जिले में बीते 1 जनवरी से आगामी 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत भटगांव में पुलिस विभाग व एसईसीएल के सौजन्य से यातायात एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें कलेक्टर एस जयवर्धन के मुख्य आतिथ्य एवं एस पी ठाकुर के विशेष आतिथ्य में यातायात एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान साउथ ईस्टर्न कोल्ड फील्ड के जनरल मैनेजर श्री दिलीप उपस्थित थे । इस कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री जयवर्धन ने संबोधित करते हुए लोगों को सुरक्षित रहने के लिए यातायात नियमों का पालन करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चार पहिया चालकों को सीटबेल्ट आवश्यक रूप से लगाने के लिए कहा। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए स्पीड पर नियंत्रण, नशा कर वाहन ना चलाने के लिए कहा। इसके लिए उन्होंने सभी स्कूलों, महाविद्यालयों सहित सभी लोगों को यातायात के नियमों को लेकर वृहद जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने साइबर ठगों से बचने के लिए सतर्क रहने के लिए कहा। उन्होंने लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने सभी को अपने डिजिटल ट्रांजैक्शन को सावधानी से करने के लिए कहा। उन्होंने ओटीपी को लेकर खास सावधानी बरतने को कहा। साथ ही वर्तमान समय में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फोन करके किए जा रहे ब्लैकमेलिंग को लेकर खास सावधानी बरतने तथा इसकी शिकायत तुरंत करने के लिए कहा। पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर ने भी लोगों को सड़क दुर्घटनाओं और साइबर क्राइम को लेकर लोगों को सचेत किया। उन्होंने साइबर क्राइम से सुरक्षा के लिए स्वयं को संयम बरतने और किसी तरह से फ्रॉड के झांसे में आ जाने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा। उन्होंने यातायात सुरक्षा पर कहते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन करने के लिए कहा। साथ ही इसके लिए व्यापक पैमाने पर जागरूकता की आवश्यकता बताइए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संतोष महतो, एसडीओपी श्री रितेश चौधरी, एस ई सी एल के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जमीन विवाद को लेकर हिंसक झड़प में तीन लोगो की दर्दनाक मौत

### खेती करने पहुंचे परिवार पर रिश्तेदारों ने प्राणघातक हमला, मां-बेटे की मौके पर मौत पिता ने अस्पताल में दम तोड़ा

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**-सूरजपुर। जिले के ग्राम जगन्नाथपुर में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों बीच हिंसक संघर्ष में एक परिवार के मां-बेटे की मौके पर मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल अंबिकापुर पहुंचने पर घायल पिता की भी मौत हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर की है। खड़गवां पुलिस मौके पर पहुंच गई है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए हैं। घटना प्रतापपुर थानाक्षेत्र के खड़गवां पुलिस चौकी क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, जगन्नाथपुर के डूबकापारा में संयुक्त खाते की जमीन को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में विवाद चल रहा था। विवादित भूमि पर खेती करने उमेश टोप्पो, नरेश टोप्पो अपनी मां बसंती टोप्पो और पिता माघे टोप्पो के साथ पहुंचे थे। दोपहर करीब एक बजे माघे टोप्पो के रिश्ते में भाई का परिवार के छह से सात सदस्य भी मौके पर पहुंच गया।





**विवाद के बाद टांगी से से हमला, दो की मौत-** विवाद कुछ देर में हिंसक झड़प में बदल गई। दूसरे पक्ष ने माघे टोप्पो के परिवार पर टांगी एवं अन्य लाठियों से हमला कर दिया। हमले में बसंती टोप्पो (55) एवं नरेश टोप्पो (30) की मौके पर मौत हो गई। दोनों मृतकों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं माघे टोप्पो (57) गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के दौरान उमेश टोप्पो ने भागकर जान बचाई और ग्रामीणों को सूचना दी।

घटना की सूचना मिलने पर खड़गवां चौकी प्रभारी योगेंद्र जायसवाल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल माघे टोप्पो को इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के लिए रवाना किया। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल अंबिकापुर पहुंचने पर घायल माघे टोप्पो की भी मौत हो गई।

**घटना के बाद आरोपी फरार।-** घटना के बाद आरोपी फरार हो गए हैं। प्रतापपुर से भी पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। बताया गया है कि विवादित जमीन जगन्नाथपुर कोल माइंस के सामने है। विवादित भूमि पर हमलावरों ने खेती करने से मना किया था। आहत परिवार खेती करने के लिए पहुंच गया तो विवाद हिंसक में बदल गया।

## संक्षिप्त समाचार

# महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन







**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत 9 जनवरी को रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से युवा उत्सव कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें स्वीप प्रोफेसर नोडल और रासेयो कार्यक्रम अधिकारी धीरेंद्र कुमार जायसवाल के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राएं और शिक्षको की भागीदारी रही इस कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं के माध्यम से उनके घर मोहल्ला गांव टोला पारा आदि बिहारपुर क्षेत्र जो की ओड़गी विकासखंड के अंतर्गत आता है ,में अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान करें इसके लिए प्रेरित किया गया और छात्र-छात्राओं के माध्यम से समाज में मतदान करने हेतु जागरूकता अभियान का एक हिस्सा बनाया गया।

# नशीली टेबलेट के साथ एक महिला गिरफ्तार

**सिमगा(विश्व परिवार)।** थाना सिमगा पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में सिविल लाइन सिमगा में नशीली गोलियों की बिक्री करने वाली 01 महिला आरोपी को पकड़ा गया है। मुखबिर सूचना पर दिनांक 08.01.2025 को थाना सिमगा से उप निरीक्षक ओमकार त्रिपाठी, सहायक उप निरीक्षक सुनील खूंटे, महिला प्रधान आरक्षक संतोषी वर्मा, आरक्षक चंद्रिका वर्मा, वीरेंद्र सिन्हा, खुलेश्वर पटेल एवं महिला आरक्षक लखेश्वरी कुर्रे की पुलिस टीम द्वारा सिविल लाईन सिमगा में घेराबंदी कर बिक्री करने के लिए नशीली गोलियां रखने वाली आरोपिया चांदनी बंजारे को पकड़ा गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पहले आरोपी चांदनी बंजारे का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपिया से 35 नग नशीला टेबलेट मिला, जिसे विधिवत जप्त किया गया है। साथ ही प्रकरण में आरोपिया से बिक्री रकम 1830 भी जप्त किया गया है। कि प्रकरण में थाना सिमगा में आरोपिया के विद्ध अपराध क्रमांक 18/2025 धारा 21 एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

# किसानों ने किया शहर के मुख्य मार्ग में चक्का जाम

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा शहर के मुख्य मार्ग में कल दोपहर किसानों ने एकाएक सड़क पर उतरकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। शाम लगभग 4 बजे इन किसानों ने इतवारी बाजार मार्ग में संचालित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से निकलकर मुख्य सड़क पर एकत्र होना शुरू कर दिया और चक्काजाम कर दिया। समझाइश देने के लिए मौके पर कोतवाली टीआई मोतीलाल पटेल और बैंक के शाखा प्रबंधक पहुंच चुके हैं। इन किसानों का कहना है कि धान बिक्री के एवंज में उन्हें पूरी राशि या पर्याप्त राशि नहीं मिल रही है। मात्र 25000 दिया जा रहा है। ग्राम लबेद के किसान उमेंद्र सिंह ने बताया कि उसे ट्रैक्टर की किश्त राशि 95 हजार रुपया आज बैंक में जमा करना है लेकिन उसे यहां से मात्र 25000 ही मिल रहे हैं। अब ऐसे में वह किस्त कैसे जमा कर पाएगा। अन्य किसानों की भी इसी तरह की समस्या है जिन्हें धान बेचने के एवज में पर्याप्त राशि नहीं मिल पा रही है। बताते चलें कि पिछले वर्ष भी इस तरह की समस्याएं उत्पन्न हुई थी और बैंक प्रबंधन पर आरोप लगता रहा है कि जो चढ़ावा देता है उन्हें ज्यादा राशि दी जाती है, बाकी लोगों को चक्कर पर चक्कर लगवाए जाते हैं और पूरी राशि नहीं मिल पाती है।

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर शनिवार 11 जनवरी 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

### बीमा कवरेज से लोग वंचित

विरोधाभास यह है कि बीमा कवरेज घटने के बावजूद प्रीमियम से बीमा कंपनियों की आय बढ़ती चली गई है। ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022-23 में भारत में प्रति व्यक्ति औसत प्रीमियम 92 डॉलर था, जो 2023-24 में 95 डॉलर हो गया। भारत में वैसे भी आबादी का बेहद छोटा हिस्सा बीमा कवरेज में रहा है। समय गुजरने के साथ इस कवरेज का साया सिकुड़ता ही जा रहा है। बीमा विनियमन एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) की 2023-24 के बारे में जारी ताजा रिपोर्ट से सामने आया है कि उपरोक्त वित्त वर्ष में बीमा कवरेज में 3.7 फीसदी गिरावट आई। यानी इसके पहले वाले वित्त वर्ष में जिन लोगों ने बीमा करा रखा था, उनमें 3.7 प्रतिशत इसकी सुरक्षा से बाहर हो गए। इसके बाद देश की सिर्फ 2.8 फीसदी आबादी बीमा कवरेज में रह गई है। जानकारों के मुताबिक इसका कारण प्रीमियम दरों में हुई असाधारण बढ़ोतरी है। आम तजुर्बा है कि कोरोना काल के बाद चाहे जीवन बीमा हो या मेडिकल बीमा- उनकी प्रीमियम रकम में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। ताजा रिपोर्ट बताती है कि 2022-23 में जीवन बीमा कंपनियों ने प्रीमियम में छह प्रतिशत बढ़ोतरी की। तो जाहिर है, जो लोग और ऊंची प्रीमियम चुकाने में सक्षम नहीं थे, उन्होंने अपनी पॉलिसी बीच में ही छोड़ दी। जबकि 2022-23 में भी उसके पहले वाले वित्त साल की तुलना में बीमा कवरेज घटा था। विरोधाभास यह है कि बीमा कवरेज घटने के बावजूद प्रीमियम से बीमा कंपनियों की आय बढ़ती चली गई है। ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022-23 में भारत में प्रति व्यक्ति औसत प्रीमियम 92 डॉलर था, जो 2023-24 में 95 डॉलर हो गया। इस तरह प्रीमियम से जीवन बीमा कंपनियों की आय में 6.06 प्रतिशत वृद्धि हुई। ये रकम 8.30 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई। चूंकि हर प्रीमियम पर सरकार भी 18 फीसदी जीएसी वसूलती है, इसलिए प्रीमियम बढने् के साथ सरकार की टैक्स वसूली भी बढ़ती जाती है। तो कंपनियां और सरकार दोनों फायदे में हैं। नुकसान में सिर्फ उपभोक्ता हैं। जिस देश में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का पहले से अभाव हो और स्वास्थ्य सेवाएं उत्तरोत्तर निजी क्षेत्र के हाथ में जा रही हों, वहां बीमा कवरेज से लोगों का वंचित होना कितनी बड़ी चिंता की बात है, आसानी से समझा जा सकता है। मगर नीति निर्माता इसे समझने को तैयार हैं, इसके कोई संकेत नहीं हैं।

# छोटी फ़िल्मों को दर्शक नहीं पूछ रहे.....

सुशील कुमार सिंह

जिस 2024 से हम हाल में गुज़र कर आए हैं, उसकी शुरूआत मेरी क्रिसमस' से हुई थी जो बॉक्स ऑफ़िस पर अपनी लगभग 30 करोड़ की लागत तक भी नहीं पहुंच पाई थी। इसी तरह 180 करोड़ में बनी साल की अंतिम हिंदी फ़िल्म बेबी जॉन' का 50 करोड़ तक पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है। यानी बीते साल हिंदी की पहली और आखरि़ी दोनों ही फ़िल्में खेत रहीं। बल्कि बेबी जॉन' ने तो यह भी साबित किया कि पैन इंडिया फ़िल्म बनाना सबके बस की बात नहीं। एक तरफ़ पुष्पा 2 ङ्क द रूल' है और दूसरी तरफ़ ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' है। एक को इतने लोग देखने आ रहे हैं कि सबसे ज़्यादा कमाई का दंगल' का ख़िताब ख़तरे में लग रहा है जिसमें आमिर खान थे और जो चीन में अपनी अप्रत्याशित सफलता के कारण इस शिखर पर पहुंची थी। और दूसरी का हाल यह है कि उसकी निर्देशक पायल कपाडि़या को सोशल मीडिया पर गुजारिश करनी पड़ रही है कि इसके ओटीटी पर आने का इंतज़ार करने की बजाय प्लीज़ इसे थिएटर में जाकर देखें। अगर कोई उनसे शिकायत करता है कि उसके शहर में यह फ़िल्म नहीं लगी है तो वे उसे सलाह देती हैं कि अपने करीब के थिएटर को टैग करके यह बात लिखिए ताकि उस पर इसे दिखाने का दबाव बने। ये दोनों फ़िल्में हालांकि दक्षिण का निर्माण हैं, लेकिन हिंदी में भी रिलीज़ की गई हैं। हिंदी और दक्षिण भारतीय भाषाओं में साथ-साथ रिलीज़ होने वाली फ़िल्मों को पैन इंडिया फ़िल्म कहा जाता है, लेकिन अब ऐसी फ़िल्में इतनी ज़्यादा आ रही हैं कि हिंदी और दक्षिण का भेद ही मिटता दिख रहा है। परदे पर यह एक नई स्थिति है और हिंदी वाले भी अब दक्षिण के निर्देशकों और कलाकारों को लेकर पैन इंडियन फ़िल्में बना रहे हैं। मसलन बेबी जॉन' के लिए जियो स्टूडियो ने एटली और उनकी पत्नी के साथ मुंबई के भी दो निर्माता लिए, निर्देशक दक्षिण के कलीस को बनाया और दोनों तरफ़ के कलाकार रखे। मगर कभी-कभी कोई साल ऐसा भी होता है जिसका आरंभ और अंत दोनों समान नियति के होते हैं। जिस 2024 से हम हाल में गुज़र कर आए हैं, उसकी शुरूआत मेरी क्रिसमस' से हुई थी जो बॉक्स ऑफ़िस पर अपनी लगभग 30 करोड़ की लागत तक



भी नहीं पहुंच पाई थी। इसी तरह 180 करोड़ में बनी साल की अंतिम हिंदी फ़िल्म बेबी जॉन' का 50 करोड़ तक पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है। यानी बीते साल हिंदी की पहली और आखरि़ी दोनों ही फ़िल्में खेत रहीं। बल्कि बेबी जॉन' ने तो यह भी साबित किया कि पैन इंडिया फ़िल्म बनाना सबके बस की बात नहीं। इससे पिछले साल हिंदी सिनेमा उद्योग ने लगभग पांच हज़ार करोड़ का बिजनेस किया था। मगर 2024 में वह चार हज़ार करोड़ के लिए भी तरसता रहा। और हिंदी फ़िल्म उद्योग के कर्ताधर्ता इतने साहसी भी नहीं हैं कि मलयालम सिनेमा की तरह साफ़-साफ यह घोषित करें कि हम इस साल इतने घाटे में रहे। केरल फ़िल्म प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने हाल में ऐलान किया कि बीते साल कुल 199 मलयाली फ़िल्में बनी जिनमें से केवल 26 सफल हुईं। एसोसिएशन ने कहा कि हमारी इंडस्ट्री करीब 700 करोड़ रुपए के नुक्सान में रही। इसके लिए उसने बढ़ती निर्माण लागत, कलाकारों के बढ़ते पारिश्रमिक और थिएटरों में घटते दर्शकों को कारण बताया। उसके मुताबिक, हालात तभी सुधरेंगे जब हम कम लागत की, मगर बेहतरीन फ़िल्में बनाएं। मुश्किल से चार महीने पहले मलयालम सिनेमा हेमा कमेटी कि रिपोर्ट से महिलाओं के शोषण और उत्पीडन् के आरोपों से घिर गया था। उसके बाद वहां कई मठाधीशों की बड़े पदों से छुट्टी हुई। कई केस दर्ज़ हुए। कई लोग गिरफ़्तार हुए और कई ज़मानत पर हैं। इस सबके बावजूद वहां उद्योग के लाभ और हानि के ऐलान की व्यवस्था बनी। सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि छोटी फ़िल्मों को दर्शक नहीं पूछ रहे। दक्षिण के स्टार सिद्धार्थ ने कुछ दिन पहले कहा कि ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' ने फ्रांस के कान फ़िल्म फ़ेस्टिवल और गेल्डन ग्लोब पुरस्कार समारोह में कितनी भी वाहवाही हासिल की हो, मगर यहां लोग उसे थिएटर में देखने नहीं आएंगे। वही हो रहा है। याद कीजिए, दो साल पहले जब अनुराग कश्यप की कैनेडी' कान फ़ेस्टिवल में दिखाई गई थी तो फ़िल्म के ख़त्म होने पर तीन-चार मिनट तक लोग खड़े होकर तालियां बजाते रहे थे। अनुराग इससे इतने अभिभूत हुए कि बजती तालियों के बीच ही वे तीन लाइन पीछे खड़े सुधीर मिश्रा के पास पहुंचे और उनके पांव छुए जिन्हें वे फ़िल्मकारिता में अपना अग्रज मानते हैं। मगर यह जो कैनेडी' नाम की फ़िल्म थी वह दो साल बाद भी रिलीज़ नहीं हो सकी है। अनुराग की पहली फ़िल्म पांच' भी पच्चीस साल से रिलीज़ नहीं हो सकी और उनकी मैग्ज़िमम सिटी' जो एक ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए बन रही थी वह भी बीच में ही रुकवा दी गई। हार कर 2024 के अंत में अनुराग कश्यप ने मुंबई छोड़ कर दक्षिण चले जाने का इरादा जताया। यानी बीता साल इस माने में भी मनहूस रहा कि उसने अनुराग कश्यप को हिंदी फ़िल्म उद्योग को छोडने् की बात सोचने पर मजबूर कर दिया। हिंदी में बेहतर फ़िल्में बनाने वाले फ़िल्मकारिता का जो मुहावरा इन दिनों इस्तेमाल कर रहे हैं उसमें अनुराग का भारी योगदान रहा है। राम गोपाल वर्मा की सत्या' लिखने से उनकी शुरूआत हुई थी जिसके बाद वे निर्देशन और निर्माण में उतरे। हिंदी पट्टी से आए जिन कलाकारों का काम देख कर आज हम चमत्कृत होते हैं उनमें से ज़्यादातर अनुराग की ही देन हैं। कुछ समय पहले, रायफ़ल क्लब' नाम की एक मलयाली फ़िल्म में अभिनय का मौका मिलने पर उन्होंने वहां देखा कि सब सलाकार कैसे एक-दूसरे से सहयोग कर रहे हैं। कोई दूसरे से आगे निकलने की जुगाड़ में नहीं है। यह बात हिंदी सिनेमा में देखने को वे तरस गए थे। उन्होंने कहा कि कभी हिंदी के दर्शक अमिताभ बच्चन, सलमान और गोविंदा के दीवाने होते थे। मगर आज वे भी दक्षिण के स्टारों के लिए पागल हैं। इसीलिए पुष्पा 2 ङ्क द रूल का ट्रेलर पटना में रिलीज़ किया गया। उन्होंने टिप्पणी की कि हमारे फ़िल्मकार अब क्रिएटर नहीं बल्कि केटरर बन कर रह गए हैं।' निर्माताओं का ध्यान केवल इस बात पर है कि फ़िल्म बिकेगी कैसे और अभिनेताओं का ध्यान अभिनय की बजाय स्टार बनने पर है। उन्होंने कहा, इसीलिए हिंदी में सिर्फ़ रीमेक या पुरानी सफल फ़िल्मों के सीक्वल बन रहे हैं। ऐसे में मैं कोई अलग तरह की फ़िल्म नहीं बना सकता, कोई प्रयोग नहीं कर सकता। फिर मैं यहां क्या करूं? अनुराग के इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं है। नब्बे की उम्र में, हाल में श्याम बेनेगल हमें छोड़ कर चले गए। समानांतर सिनेमा के मुरीद बख़ूबी जानते हैं कि यह कितना बड़ा नुक्सान है। यही नहीं, गुज़रे साल राज कपूर और मोहम्मद रफ़ी की सौवीं जयंती भी मनाई गई। पता नहीं रफ़ी की याद में कोई बहुत महत्वपूर्ण समारोह किया गया या नहीं। लेकिन राजकपूर के लिए बड़ा समारोह हुआ। उनकी फ़िल्में कई शहरों में फिर से रिलीज़ की गईं। मगर हर जगह राजकपूर को द ग्रेटेस्ट शोमैन' कहा गया। हम हमेशा यही करते हैं। याद रखिए, राजकपूर की शोमैनशिप का केंद्र एक बेहद बेचारा और सामान्य सा व्यक्ति रहा करता था। केवल शोमैन कह कर हम राजकपूर के साथ अन्याय करते हैं। यही वजह है कि शोमैनशिप की उनकी विरासत को आगे बढ़ाने वाले सुभाष घई, संजय लीला भंसाली और करण जौहर ने कभी उस सामान्य व्यक्ति की खोज-ख़बर नहीं ली, जो उस समय हमारे समाज के एक बड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व करता था। विक्रांत मैसी के मामले में भी बीता साल अनोखा रहा। गोधरा कांड पर आधारित उनकी फ़िल्म द साबरमती रिपोर्ट' संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अन्य मंत्रियों और सत्ता पक्ष के सांसदों व नेताओं को दिखाई गई।

## आलेख

### स्वयंभू अंबेडरवादियों और डॉ. अंबेडकर के नाम पर राजनीति

बलबीर पुंज

डॉ.अंबेडकर की पाकिस्तान, इस्लाम, आर्य आक्रमण सिद्धांत और जनजातियों की स्थिति आदि विषयों पर राय, उन्हें और हिंदुत्व समर्थकों को एकसूत्र में बांधती है। हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों से डॉ. अंबेडकर असंतुष्ट थे। लेकिन वे इसके लिए अब्राहमिक मजहबों को विकल्प नहीं मानते थे। अपनी मृत्यु से ठीक 53 दिन पहले, 14 अक्टूबर 1956 को उन्होंने अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध परंपरा को स्वीकार किया। स्वतंत्रता के बाद भारतीय राजनीति में कांग्रेस के घटते प्रभाव और संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर (1891-1956) की बढ़ती लोकप्रियता के बीच क्या कोई संबंध है? बाबासाहेब से घृणा करने वाले कौन थे और वे किसके सबसे निकट थे? 20वीं सदी के सबसे बड़े भारतीय समाज सुधारक डॉ. अंबेडकर को उनके जीवन के अंतिम पड़ाव में राजनीतिक हाशिए पर किसने धकेला? ऐसे कई सवाल है, जो हालिया घटनाक्रम, खासकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दल कांग्रेस के बीच राजनीतिक खींचतान (झड़प सहित) के कारण एकाएक प्रासंगिक हो गए है।डॉ. अंबेडकर— बदलाव, तर्कशीलता और सामाजिक न्याय का प्रतीक हैं। परंतु उनकी विरासत को हड़पने की कोशिश में कांग्रेस राजनीतिक-वैचारिक भंवर में फंस गई है। पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा डॉ।अंबेडकर का तिरस्कार (1952 का चुनाव सहित) सर्वविदित और सार्वजनिक है। उन्होंने बाबासाहेब को खलनायक के रूप में पेश करने और भारतीय सार्वजनिक जीवन से उनके योगदान को मिटाने का हरसंभव प्रयास किया। मिसाल के तौर पर प्रधानमंत्री के रूप में पं. नेहरू ने 1955 में स्वयं को भारत रत्न देने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई, जबकि डॉ. अंबेडकर को इस सम्मान के लिए 35 साल का इंतजार करना पड़ा। इस कालखंड में अधिकांश समय कांग्रेस की ही सरकार थी। वर्ष 1990 में तत्कालीन वीपी सिंह के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार, जिसे तब भाजपा और वामपंथी दलों का बाहरी समर्थन प्राप्त था— उसने इस ऐतिहासिक कलंक को मिटाया। उस समय सरकार ने संसद के केंद्रीय कक्ष में बाबासाहेब का चित्र भी स्थापित किया। वास्तव में, डॉ. अंबेडकर और हिंदुत्व आंदोलन एक-दूसरे का पर्याय है। बाबासाहेब हिंदुत्व' शब्द का इस्तेमाल करने वाले पहले लोगों में से एक थे। वर्ष 1916 में उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में एक दस्तावेज प्रस्तुत किया था, जिसके अनुसार, यह संस्कृति की एकता ही है, जो समानता का आधार है। मैं कहता हूं कि कोई भी देश, भारतीय उपमहाद्वीप की सांस्कृतिक एकता से मुकाबला नहीं कर सकता। इसमें न केवल भौगोलिक एकता है, बल्कि इससे भी कहीं अधिक गहरी और बुनियादी एकजुटता है— जो पूरे देश को एक छोर से लेकर दूसरे तक जोड़ती है। वर्ष 1927 में मंदिर प्रवेश के मुद्दे पर डॉ.अंबेडकर ने बयान जारी करते हुए कहा था, ज्हिंदुत्व जितना स्पृश्य हिंदुओं का है, उतना ही अछूत हिंदुओं का भी है। हिंदुत्व के विकास और गौरव में वाल्मीकि, व्याधगीता, चोखामेला और रोहिदास जैसे अछूतों का योगदान उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि वशिष्ठ जैसे ब्राह्मणों, कृष्ण जैसे क्षत्रियों, हर्ष जैसे वैश्यों और तुकाराम जैसे शूद्रों का रहा है। वीर सावरकर के प्रति कांग्रेस की हीन-भावना किसी से छिपी नहीं है। सच तो यह है कि सावरकर और डॉ. अंबेडकर— दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कई अवसरों पर सावरकर द्वारा किए गए सामाजिक सुधारों की डॉ. अंबेडकर मुखर सराहना कर चुके थे। वर्ष 1933 में अपनी पत्रिका जनता के विशेष अंक में बाबासाहेब ने सावरकर की प्रशंसा करते हुए दलित-उत्थान में उनके योगदान को गौतमबुद्ध के योगदान जितना निर्णायक और महान बताया था। वीर सावरकर का डॉ. अंबेडकर के प्रति नजरिया कैसा था, इसपर डॉ. अंबेडकर के जीवनीकार धनंजय कीर ने अपनी पुस्तक में लिखा था: वह एक नेता जो निडरता और पूरी ईमानदारी से डॉ. अंबेडकर के संघर्ष का समर्थन करते थे, वे सावरकर थे। डॉ. अंबेडकर अन्य हिंदू नेताओं जैसे स्वामी श्रद्धानंद के भी बड़े प्रशंसक थे और दलित उत्थान में उनके योगदानों की मुखर सराहना भी करते थे। स्वामी श्रद्धानंद का मानना था कि जातिवाद का अंत, हिंदू एकता के लिए आवश्यक शर्त है। डॉ. अंबेडकर ने स्वामी श्रद्धानंद को अछूतों के सबसे महान और ईमानदार समर्थक के रूप में वर्णित किया था, जिनकी 1926 में एक जिहादी ने निर्मम हत्या कर दी थी।

# बदरंग होता समाज और आरक्षण की मृगतृष्णा


विमर्श/जयराम शुक्ल

अटलजी की सरकार में योजना आयोग में रहे एक बड़े दलित नेता प्रो.सूरजभान ने कहा था- हर परिवार को न्यूनतम पाँच एकड़ जमीन दे देजिए और अपना ये आरक्षण अपने पास रखिये ये कामकाजी कर्मठ लोग अपनी हैसियत खुद बना ले्गे। स्वतंत्रता के बाद भारतमाता की पुनर्प्राणप्रतिष्ठा का सपना पाले गांधी जी इहलोक से प्रस्थान कर गए। अन्ना जैसे सभी समाजसेवी कहते हैं कि आज गांव संकट में हैं, इस देश को बचाना है तो गांवों को बचाना होगा। मोहन भागवत जी भारतमाता ग्राम्यवासिनी के वैभव की बात करते हैं और गाँवों को बचाने के लिए व्यापक पैमाने पर अभियान की जरूरत पर जोर देते हैं। गांधी ग्राम स्वराज के पैरोकार थे। उन्हें इसकी पूरी आशंका थी कि आजादी के बाद नई अर्थव्यवस्था का प्रहार गांवों में होगा, और हुआ भी। यूरोपीय दर्शन से प्रभावित पं.जवाहरलाल नेहरू ने शहरों को विकास का मानक बना दिया। श्रम आधारित कुटीर उद्योगों की जगह भारी मशीनों का बोलबाला शुरू हुआ। गांव की मिश्रित अर्थव्यवस्था भंग होती गयी। परिणाम यह हुआ कि 90 के ग्लोबलाइजेशन के बाद, टाटा, बाटा सभी गाँव पहुंच गए। गांव के परंपरागत कौशल को संगठित व बड़ी कंपनियों ने हजम करना शुरू कर दिया। सबसे पहले इसी वर्ग से काम छिना जो गांव की अपनी स्वतंत्र अर्थव्यवस्था के कारक थे। मध्यप्रदेश के रीवा जिले के जिस बड़ीहर्दी नामक गाँव का मैं निवासी हूँ उसका इतिहास पाँच सौ वर्ष से ज्यादा पुराना है। जो गाँव दो सौ वर्ष भी पुराने होंगे वहां के उम्रदराज लोगों ने आहिस्ता-आहिस्ता ढहती अर्थव्यवस्था को अपनी नजरों से देखा होगा। हमारे गाँव में प्रायः हर वृत्ति के पारंगत लोग थे। लुहार, बढ़ई, सोनार, ठठेर, ताम्रकार, रंगरेज, कोरी, धोबी, रंगरेज, नाई लखेरा, पटवा, मनिहार, बेहना,भड़भूजा बाँस का काम करने वाले बँसोर,चमड़े का जूता बनाने वाले चर्मकार, कुम्हार, बनिया, किसान। सभी एक दूसरे पर निर्भर या यों कहें परस्पर पूरक। सन् सत्तर के दशक तक मेरी जानकारी में रुपये का विनिमय महज 10 प्रतिशत था। सभी काम सहकार और वस्तु विनिमय के आधार पर चलते थे। बड़ी कंपनियों के उत्पादों ने गाँव में सेध लगानी शुरू कर दी। सब एक-एक कर बेकार होते गए। आज मेरे गाँव से लगभग समूचा कामकाजी वर्ग पलायन कर गया। लुहारी टाटा ने छीन ली और बाटा चर्मकार होकर पहुंच गए। सोनारों के धंधे में भी ब्राडेंड कंपनियाँ आ गई। एक बार टीवी डिबेट में् मेरे एक साथी ने आपत्ति उठाई कि आप उनके उत्थान के पक्षधर नहीं हैं क्या? मैंने जवाब दिया हूँ.. कैसा उत्थान चपरासी की नौकरी पाना उत्थान है क्या. ? जिनके पास सदियों से पीढ़ी् दर पीढ़ी पारंपरिक कौशल है उसे आधुनिकता के साथ जोड़ा जाना चाहिए। यदि उन्हें ही कौशल संपन्न बनाया जाता तो आज गाँवों में टाटा-बाटा, तनिष्क नहीं घुसते। सबसे बड़ा खेल राजनीति का रहा। उन्होंने जातियों को वोट बैंक में बदल दिया और आरक्षण की मृगतृष्णा दिखा कर समूचे कामकाजी समाज को नौकरी की लाइन में खड़ा कर दिया। जबकि वास्तविकता यह है कि देश की सत्ता का संचालन करने भगवान् स्वयं आ जाएं तो वे सबको नौकरी नहीं दे सकते। एक सुनियोजित साजिश के तहत परंपरागत कौशल छीन कर उद्योगपतियों के हवाले कर दिया गया। गांधी ने जो ग्रामोद्योग वाली स्वाबलंबी व्यवस्था सोची थी उसका सत्यानाश हो गया। हर छोटे-बड़े काम उद्योगपतियों के हवाले कर दिए गए। उद्योग जातीय बंधन नहीं मानता इसलिए पंडित बिंदेश्वरी पाठक आज देश के सबसे बड़े स्वीपर हैं और पंडित विश्वनाथ दुबे (जबलपुर) व देशपांडे जी(पुणे) ने देश के सबसे बड़े मुरगीपालक। आरक्षण से ज्यादा जरूरी था इस वर्ग का आर्थिक सशक्तिकरण। यदि दलित जातियों के पास धन आ जाता तो सामाजिक गैरबराबरी अपने आप मिट जाती। अटलजी की सरकार में योजना आयोग में रहे एक बड़े दलित नेता प्रो.सूरजभान ने कहा था- हर परिवार को न्यूनतम पाँच एकड़ जमीन दे देजिए और अपना ये आरक्षण अपने पास रखिये ये कामकाजी कर्मठ लोग अपनी हैसियत खुद बना ले्गे। सत्तानशीनों से पूछिये क्या हुआ सीलिंग एक्ट का? यह तो सांविधानिक व्यवस्था थी कि एक परिवार के पास निर्धारित रकबा से ज्यादा भूमि न हो। अतिशेष जमीन भूमिहीनों में बाँट दी जाए। छः दशक काँग्रेस का शासन रहा क्या हुआ उस संविधानिक व्यवस्था का। भाजपा सरकार क्यों नहीं सोचती कि अतिशेष भूमि बाँटी जाए। चौधरी चरण सिंह उत्तरप्रदेश मे् आज भी चकबंदी के फैसले और उसपर कड़ाई से अमल के लिए जाने जाते हैं। सत्ता में नए जमाने के जमीदार काबिज हैं। जो नहीं थे वे कुर्सी पाते ही बन गए। आज गांवों के सामने नया संकट है। पहला तो यह कि सत्तर प्रतिशत लैंडहोल्डिंग दस प्रतिशत लोगों के पास है। ये दस फीसद लोगों की दोहरी नागरिकता है। हैं किसान पर रहते शहर में हैं। बड़े नगरों की पचास किमी की परिधि में अब ज्यादातर शहरी साहब ही किसान हैं। जमीनों का मालिकाना हक इन्हीं के पास है। ये बड़े अफसर हैं या व्यवसायी। इनका गाँवों की उन्नति से कोई लेना देना नहीं। निवेश और औद्योगिकीकरण के नाम पर जोत की जमीनें जा रही हैं। नेशनल हाइवेज का विस्तार में भी जोत की जमीन का बड़ा हिस्सा जा रहा है। गांव के जो मध्यमवर्गीय किसान हैं उन्हें डराया जा रहा है कि खेती जोखिम का धंधा है। शहरी कारोबारी ठेके की खेती करने गाँव घुस रहे हैं। हताश किसान एक मुश्त रकम पाकर खेती छोड़ रहा है। सरकारें किसानों की सुविधाओं की बातें तो कर रही हैं लेकिन उनका भरोसा नहीं जीत पा रहीं। यह कथित किसान आंदोलन भी कुछ इसी तरह के भ्रम का परिणाम है। कहीं पढ़ा था कि ब्राजील में ऐसा ही हुआ। गांवों में सिर्फ बीस प्रतिशत लोग रह गए। वे पलायन कर शहरों के स्लम में बस गए। खेती शहरी कारोबारियों के कब्जे मे् आ गई।

# हिंदी भाषा हमारे देश की संस्कृति और संस्कारों का प्रतिबिंब है

-डॉ सुनील जैन

हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, पहचान और गर्व का



प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के संरक्षक के रूप में, हिंदी ने सदियों से हमारे रीति-रिवाजों, परंपराओं और मूल्यों को सहेज कर रखा है।

हिंदी हमारी मातृभाषा बने।हिंदी से ही भारत देश की पहचान है।विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं। सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न विषयों पर हिन्दी में व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। भारत की दुनिया में पहचान जितनी अपनी सांस्कृतिक विविधताओं और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए है, उतना ही भारत को हिंदी के लिए भी पूरी दुनिया में पहचाना जाता है।

दुनिया भर में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हर साल 10 जनवरी का दिन विश्व हिंदी दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का सबसे बड़ा मकसद है कि हिंदी का वैश्विक स्तर पर ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके अलावा दुनियाभर के तमाम देशों में बसे भारतीयों को एक सूत्र में बांधने के लिए भी विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिंदी भारतीयता की पहचान है। विश्व हिंदी दिवस हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने का संकल्प लेने का दिन है। भारत सरकार ने प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में 10 जनवरी, 2006 को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। हिंदी भारत के साथ ही विदेशों में बसे भारतीयों के दिलों को आपस में जोड़ती है और उन्हें एकजुट करती है, ऐसे में इस दिन की अहमियत और भी बढ़ जाती है।

विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करना, हिन्दी के प्रति अनुराग पैदा करना, हिन्दी की दशा के लिए जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करना है।विदेशों में भारतीय दूतावास विश्व हिन्दी दिवस को विशेष आयोजन करते हैं।सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न विषयों पर हिन्दी के लिए अनूठे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

हिंदी जन की बोली है
एक डोर में सबको जो है बाँधती
वह हिंदी है,
हर भाषा को सगी बहन जो मानती
वह हिंदी है।
भरी-पूरी हों सभी बोलियां
यही कामना हिंदी है,
गहरी हो पहचान आपसी
यही साधना हिंदी है,
सौत विदेशी रहे न रानी
यही भावना हिंदी ।।

धीरे-धीरे हिन्दी भाषा का प्रचलन बढ़ा और इस भाषा ने राष्ट्रभाषा का रूप ले लिया। अब हमारी राष्ट्रभाषा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बहुत पसंद की जाती है।इसका एक कारण यह है कि हमारी भाषा हमारे देश की संस्कृति और संस्कारों का प्रतिबिंब है। आज विश्व के कोने-कोने से विद्यार्थी हमारी भाषा और संस्कृति को जानने के लिए हमारे देश का रुख कर रहे हैं। एक हिन्दुस्तानी को कम से कम अपनी भाषा यानी हिन्दी तो आनी ही चाहिए, साथ ही हमें हिन्दी का सम्मान भी करना सीखना होगा।

विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य विश्व में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता पैदा करना तथा हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। इसी संकल्पना सहित 14 जनवरी 1975 से विश्व हिंदी सम्मेलन का आरम्भ हुआ जिसकी संख्या अब तक कुल आठ हो चुकी है जिसके देश मॉरिशस,नई दिल्ली,मॉरिशस,त्रिनिडाड व टोबैगो, लंदन,सूरीनाम और न्यूयॉर्क । 14 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन में यह संकल्प पारित हुआ कि प्रतिवर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाए। हिंदी दिवस जिस तरह सुपरिचित है वह स्थिति विश्व हिंदी दिवस की नहीं है। हिंदी से जुड़े सभी लोग जब तक अपने-अपने परिवेश में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन नहीं करेंगे तब तक यह दिवस अपनी दीप्ति से जग को आलोकित नहीं कर पाएगा। समय की मांग के संग चलना सामान्यतया अत्यावश्यक होता है किंतु उस मांग की पूर्ति करना सामान्यतया एक कठिन चुनौती लगती है।चूंकि हिंदी विश्व में फैली हुई है इसलिए विश्व हिंदी दिवस के द्वारा हिंदी को सहज, सरल बनाते रहने के साथ-साथ इसके एकरूपता पर भी ध्यान देना आवश्यक है अन्यथा हिंदी भाषा में भटकाव आ सकता है।यह एक चुनैतीपूर्ण कार्य है। विश्व हिंदी दिवस के आयोजन के द्वारा विश्व की भाषाएं मित्रवत हिंदी की तरफ बढ़ेंगी जिससे हिंदी का साहित्य भी समृद्ध होगा।भूमंडलीकरण के दौर में केवल कुछ राष्ट्रों तक सिमट कर रहने से व्यापक लाभ नहीं होगा बल्कि इसके लिए अधिकाधिक देशों में हिंदी का प्रचार-प्रसार होना चाहिए। प्रत्येक उन्नत और उन्नतिशील देश अपनी-अपनी भाषाओं के प्रसार के लिए पयत्नशील हैं तो तमाम खूबियोंवाली हिंदी के लिए विश्व में मुनादी से हिंदी को क्यों वंचित रखा जाए।

विश्व में अनिवासी भारतीय के रूप में हिंदी के प्रतिनिधियों की सशक्त टीम भी तो है। विश्व हिंदी दिवस को हिंदी से जुड़े आयोजन विश्व में हिंदी की लोकप्रियता का संदेश देंगे तथा साथ ही यह भी दर्शाएंगे कि हिंदी भारतीयों के दिल की भाषा है। यदि इस प्रकार विश्व हिंदी दिवस संदेश देने में सफ्ल हो जाता है तो हिंदी विश्वभाषा बनने की होड़ में अपनी प्रबल दावेदारी रख सकेगी। हिंदी भाषा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह सभी समुदायों, धर्मों और संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। भारत में विविधता के बावजूद हिंदी ने हमेशा एकता का प्रतीक माना है। यह भाषा हमारे राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करती है। हिंदी में संवाद करने से हम अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को आसानी से व्यक्त कर सकते हैं।

आइए, हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हम हिंदी को बढ़ावा देंगे, इसे और सशक्त बनाएंगे, और इसे हर स्थान पर सम्मानित करेंगे। हिंदी को न केवल एक भाषा के रूप में, बल्कि एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में संजोएंगे।


# आर्यिका श्री अंतरमति माताजी ससंघ एवं आर्यिका श्री आराध्यमति माताजी ससंघ का डोंगरगढ़ में हुआ भव्य मंगल प्रवेश



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** आज प्रात: 9 बजे 105 आर्यिका श्री अंतरमति माताजी ससंघ एवं 105 आर्यिका श्री आराध्यमति माताजी ससंघ का डोंगरगढ़ में गाजे बाजे के साथ जगह-जगह रंगोली बनाकर एवं आरती सजाकर भव्य मंगल प्रवेश हुआ 105 आर्यिका श्री अंतरमति माताजी ससंघ (11 माताजी) का मंगल विहार बेगमगंज ङ्क भोपाल (मध्य प्रदेश) से बालाघाट, गोंदिया होते हुए डोंगरगढ़ हुआ है एवं 105 आर्यिका श्री आराध्यमति माताजी ससंघ (4 माताजी) का मंगल विहार सिलवानी, गढ़ाकोटा (मध्य प्रदेश) से बालाघाट, गोंदिया होते हुए डोंगरगढ़ हुआ है। आर्यिका संघ ने लगभग 550 किलोमीटर की लगातार पदयात्रा करते हुए दिसम्बर 2024 को मध्य प्रदेश से विहार किया था और आज 10 जनवरी 2025 को डोंगरगढ़ पहुचे। आर्यिका संघ के चातुर्मास पश्चात सिलवानी, गढ़ाकोटा एवं बेगमगंज जैन समाज के युवा मंडल, बालिका मंडल, महिला, पुरुष एवं जैन समाज के पदाधिकारीगण लगभग 25 से 30 लोगो ने माता जी के साथ पद विहार किया जिसके लिए डोंगरगढ़ जैन समाज ने उनका तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं श्रीफल भेंट कर अभिवादन किया। 105 आर्यिका श्री अंतरमति माताजी ने कहा की वे दूसरी बार डोंगरगढ़ आई है और यहाँ 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी की विशेष कृपा रही की उन्होंने यहाँ 3 चातुर्मास, ग्रीष्मकाल और शीतकाल व्यतीत किया है।

यहाँ के लोगो का पुण्य और भाग्य बहुत अच्छा है जो ऐसे गुरु का सानिध्य प्राप्त हुआ। अभी तो बहुत छोटे-छोटे मुनि, आर्यिका संघ डोंगरगढ़ चंद्रगिरी आये हैं। अब बहुत बड़े-बड़े संघ आना शेष है। आपका डोंगरगढ़ चंद्रगिरी का प्रवेश द्वार है। यहाँ के लोगो में गुरु जी के प्रति विशेष भक्ति है जिसके कारण उन्हें गुरु जी का सानिध्य तो प्राप्त हुआ साथ ही उनकी निसिद्धिका (समाधी स्थल) भी मिली है। श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी महातीर्थ के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन एवं श्री दिगम्बर जैन समाज डोंगरगढ़ के अध्यक्ष श्री अनिल जैन से माता जी ने कहा की यह आप दोनों का अहो सौभाग्य है की आपको इतने सारे मुनि संघ और आर्यिका संघ की सेवा करने का मौका मिल रहा है। इस कार्य को करते समय आपको अपने भाव को उत्कृष्ट रखने की आवश्यकता है जिससे आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। दोपहर 2 बजे 105 आर्यिका श्री अंतरमति माताजी ससंघ एवं 105 आर्यिका श्री आराध्यमति माताजी ससंघ का डोंगरगढ़ शहर से विहार श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी महातीर्थ के लिए हुआ जिसमे बाहर से आये सभी लोगो ने एवं डोंगरगढ़ जैन समाज के बहुत से महिला ङ्क पुरुष सम्मिलित हुए। चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में गाजे बाजे के साथ जगह ङ्क जगह रंगोली बनाकर एवं आरती सजाकर भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

# संयोग और वियोग 'कर्म की धरोहर' है सुःख और दुःख क्षणभंगुर तथा नश्वर है : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** संयोग और वियोग कर्म की धरोहर है सु:ख और दु:ख क्षणभंगुर तथा नश्वर है ऐसी आध्यात्मिक दृष्टि रखने वाला व्यक्ति कभी विचलित नहीं होता। उपरोक्त उद्‌गार मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने मोदीजी की नसिया में प्रात:कालीन धर्मसभा में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि आचार्य गुरुदेव कहते हें कि दु:ख आये तो उसे कर्म काटने का निमित्त मानो उन्होंने कर्म की व्याख्या करते हुये कहा कि हमारे जीवन में कभी एकरुपता नहीं रहती कभी हम खुश रहते है तो कभी हम खिन्न हो जाते है कयी बार हमें शांती रहती है, तो कई बार अशांति आ जाती है कयी क्षणों में हमें फक्र महसूस होता है तो कभी हम फिक्र में डूव जाते है, कभीआनंद तो कभी अवसाद, कभीआशा तो कभी निराशा, कभी सु:ख तो कभी दु:ख, कभी शांति कभी अशांति जो कुछ भी घट रहा है वह मात्र महज संयोग है तथा कर्म की धरोहर है जो पाया है वह भी तेरा नहीं जो खोया है वह भी तेरा नहीं, ऐसी आध्यात्मिक दृष्टि मानकर चलोगे तो पाने में सुख और खोने में दु:ख महसूस नहीं होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि कयी बार जब रेल में लम्वी यात्रा होती है तो यात्रीओं में आत्मीय लगाव हो जाता है लेकिन गंतव्य स्थान आते ही वाय करके चले जाते है, न तो मिलने का हर्ष होता है, और न विछोह का वियोग होता है। मुनि श्री ने कहा कि जीवन का हर संयोग वियोग मय है, जो आया है तो वह जाऐगा जो इस सत्य को जो पहचान लेता है वह कभी मिलने अथवा विछुड़ने पर विचलित नहीं होता, धर्म हमें ऐसी ही समझ प्रदान करता है उन्होंने 1993 की एक घटना सुनाते हुये कहा कि गोमटेश बाहुबली में सत्ताईस साल का बेटा जो कि अपनी सेवाएं देने गया था अचानक एक दुर्घटना घटी और उसका देहांत हो गया वह एक मां का इकलौता बेटा था जब उसे यह समाचार मिला तो वह विल्कुल भी विचलित नहीं हुई वह तत्वज्ञानी थी उसने कहा कि जो आया है, वह तो जाऐगा ही उसका और मेरा महज इतने दिन का ही संयोग था मुझे खुशी है कि वह प्रभु के चरणों में सेवा करते हुये गया। यह एक आध्यात्मिक दृष्टि है। मुनि श्री ने कहा कि संयोग- वियोग कर्म की धरोहर है कर्म कहता है तुम इसका उपयोग करो मिस यूज मत करना यदि मिस यूज करोगे तो हम एक झटके में ओन लाईन ट्रांसफर कर देंगे जो इस सत्य को पहचान लेता है वह कभी विचलित नहीं होता जो पाया है वह भी तेरा नहीं जो खोया है वह भी तेरा नहीं अपने आपको आनंद से भरकर जीना चाहते हो तो हर स्थिति में सदाबहार प्रसन्न रहना सीखो यह हमारा धर्म ही है जो हमें सिखाता है बाहर से चाहे जैसे संयोग बने लेकिन अंदर से हम प्रसन्न और आनंदित तथा शांतिमय बने रहे।

इस अवसर पर मुनि श्री निर्वेगसागर जी महाराज तथा मुनि श्री संधान सागर महाराज तथा संघस्थ क्षुल्लक गण मंचासीन रहे। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कार्यक्रम के शुभारंभ में आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन जयपुर से पधारे बास्तुविज्ञ सतीश शर्मा तथा श्री दि. जैन पंच लश्करी गोठ ट्रस्टी योगेंद्र जी काला हेमन्त जी सेठी, कमल काला नीरज मोदी, पारस पांड्या आदि ने किया तथा मुनिसंघ को श्रद्धालुओं ने शास्त्र भेंट किये। -**अविनाश जैन**

## संक्षिप्त समाचार

### साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की मासिक गोष्ठी हुई आयोजित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सर्वप्रथम माँ सरस्वती और स्व शांति यदु के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन सुरेंद्र रावल, डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, प्रज्ञा त्रिवेदी के हाथों संपन्न हुआ। माँ वीणापाणि की वंदना डॉ चितरंजन कर ने प्रस्तुत की। सचिव नीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। मासिक प्रतिवेदन का पठन मीना शर्मा ने किया, तत्पश्चात अध्यक्ष डॉ मंजुलाहर्ष मंजुल ने अपने चिर-परिचित अंदाज में बेहतरीन पंक्तियों से समस्त लेखकों, साहित्यकारों को मंच पर आमंत्रित किया। कविता हो या गीत ग़ज़ल, व्यंग्य हो या लघुकथा कवियों व साहित्यकारों ने नववर्ष के शुभ आगमन का अपनी रचनाओं से शानदार आगाज़ किया। दिसंबर माह में ऋचा परिवार के वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र रावल और बेहतरीन मंच संचालिका, व्यंग्यकार डॉ सीमा श्रीवास्तव का जन्मदिन था अत: केक काटकर जन्मदिन की बधाईयाँ प्रेषित की गई। समस्त कार्यक्रम के साक्षी बने। डॉ चितरंजन कर, के पी सक्सेना दूसरे, सुरेंद्र रावल, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजु यदु, माधुरीकर, अर्चना अनुपम, लतिका भावे, डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, चंद्रकांता अग्रवाल, नीता श्रीवास्तव, ईरा पंत, नीलिमा मिश्रा, किरणलता वैद्य, दिनेश गौतम, डॉ सुरेश तिवारी, आलिम नक़वी, दिलीप वरवंडकर, अनिल श्रीवास्तव जाहिद, डॉ कमल वर्मा, मीना शर्मा, प्रज्ञा त्रिवेदी, अशोक त्रिवेदी आदि। ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने आभार प्रकट कर कार्यक्रम समापन की घोषणा।

### कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर बोर्ड परीक्षा में मेरिट की तैयारी के लिए बच्चों का किया गया चयन



**जशपुरनगर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन पर बोर्ड परीक्षा में मेरिट की तैयारी के लिए जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा दसवीं और बारहवीं के बच्चों का चयन किया गया है। शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी प्रशांत कुशवाहा के मार्गदर्शन में जिले के तीनों संकल्प शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी। इसके लिए संकल्प कुनकुरी और पत्थलगांव में विद्यार्थियों की छ्माही मूल्यांकन की उत्तर पुस्तिका का परीक्षण विषय शिक्षकों द्वारा किया गया। संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों और पालकों से संकल्प कुनकुरी के सभागार में विस्तृत चर्चा की। अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी पालक के लिए बच्चे सबसे जरूरी होते हैं। इसलिए बच्चों के भविष्य निर्माण में पालकों का निवेश बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। विद्यार्थियों से उन्होंने कहा कि प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करना बहुत कठिन भी है, और बहुत आसान भी है। आसान और कठिन होना केवल विद्यार्थी के पूरी क्षमता और दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ अध्ययन पर निर्भर करता है। विगत कई वर्षों से संकल्प के विद्यार्थियों ने प्रदेश टॉप 10 में अपना स्थान बनाया है। जिला प्रशासन की इस पहल पर जशपुर जिले के सभी विकासखंडों से प्रावीण्य सूची में बच्चे स्थान बनाएंगे। चयनित किए गए विद्यार्थियों को आवासीय रूप से बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी। 25 विद्यार्थी संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, 17 विद्यार्थी संकल्प कुनकुरी और 15 विद्यार्थी संकल्प पत्थलगांव में रहकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी करेंगे। यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडे, संकल्प कुनकुरी के प्राचार्य वाई आर कैवर्त सहित संकल्प जशपुर, कुनकुरी के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# आर्यिका रत्न सृष्टि भूषण मति माता जी ससंघ का विशाल जुलूस के साथ भव्य आगवानी

## दिल और दिमाग को कचरा घर ना बनाओ इनको साफ रखो : आर्यिका माता जी



**अशोक नगर ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की परम शिष्या आर्यिका रत्न श्री सृष्टि भूषण मति माता जी ससंघ का आज भव्य मंगल प्रवेश हुआ जहां शहर के बाहर राजमाता चौराहे पर जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा मंत्री शैलेन्द्र श्रागर संयोजक मनोज रन्नौद मनीष कुमार सहित अन्य भक्तों ने आर्यिका संघ की आगवानी की आर्यिका संघ का आर्यिका श्री विश्वजयमति माता जी ससंघ से पार्श्वनाथ मन्दिर पर भक्तों की जय जय कार के साथ भव्य मिलन हुआ।

पार्श्वनाथ मन्दिर से आर्यिका संघ को नगर प्रवेश कराया गया जहां स्थान स्थान पर भक्तों ने पाद प्रक्षालन आरती श्री फल भेंट कर अपनी भक्ति समर्पित कर जय जय कार के साथ माता जी के साथ कदम कदम आगे बढ़ते चले गये यहां भव्य शोभायात्रा पछाड़ीखेडा रोड़ ओवरब्रिज गांधी पार्क भगवान महावीर मार्ग आचार्य श्री विद्यासागर द्वार होते हुए सुभाष गंज पहुंच कर धर्म सभा में बदल गई जहां मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि लम्बी प्रतीक्षा के बाद हमने जिले की गौरव मुंगावली में जन्म लेकर भारत वर्ष में अशोक नगर जिले का नाम रोशन करने वाली मां सृष्टि भूषण मति माता जी को हम अपने बीच पाकर आनंदित है अभी तक आपके प्रवचनों को टैली विजन पर सुनते थे अब साक्षात सुन सकेंगे इस दौरान जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि माता जी के सान्निध्य का हम सब को भरपूर लाभ लेना है कल से ही प्रतिदिन धर्म सभा होगी और आप सभी इससे लाभान्वित होंगे इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई संयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघई मनोज रन्नौद थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल प्रमोद मंगलदीप मनोज भैसरवास निर्मल मिर्ची शैलेन्द्र श्रागर विनोद मोदी रोहित सिंघई सहित अन्य भक्तों ने श्री फल भेंट किए। -**विजय धुर्रा**

# आचार्य शांतिसागर जी महाराज की प्रेरणा से स्थापित कुंभोज पाठशाला का शतक महोत्सवी वर्ष शुरू : दादगोंडा बाळगोंडा पाटील



**कुंभोज/महाराष्ट्र ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र के कोल्हापूर जिले के हातकणंगले तहसील में कुंभोज यह गांव हैं। वर्धमान स्टील सेंटर कुंभोज के ओनर श्री दादगोंडा बाळगोंडा पाटील जी ने बताया की आचार्य शांतिसागर महाराजजी कि प्रेरणा से 4-11-1924 को स्थापित श्री शांतिसागर दिगंबर जैन पाठशाला, कुंभोज इस पाठशाला का शतक महोत्सवी वर्ष शुरु हैं। इसके अंतर्गत प. पू. मुनीश्री 108 विदेहसागरजी महाराज के सानिध्य में सन्मती धर्म संस्कार शिबीर का आयोजन श्रुतसागर भवन, आदिनाथ जिन मंदिर, कुंभोज में किया था।

ध्यान, योगा, संगीतमय पूजन, अभिषेक, रत्नकरंड श्रावकाचार क्लास, शंका समाधान, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संगीत आरती ऐसे प्रतिदिन 10 दिन तक आयोजित किया गया। युवती सक्षमीकरण, गोपालन का महत्व, प्रतिदिन सुबह अल्पोपहार, नैसर्गिक खेती, आरोग्य, श्रुत दिंडी प्रभात फेरी, श्री पंचपरमेष्टी विधान महोत्सव का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

कुंभोज के स्थानिक पंडित श्री पवन उपाध्ये, सौरभ उपाध्ये, शीतल उपाध्ये, गोमटेश उपाध्ये और दर्शन उपाध्ये एवं संगीतकार श्री सुयोग पाटील णमोकार कला मंच, दानोळी के उपस्थिती में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कुंभोज में विगत 46 वर्ष से श्री शांतिसागर पाठशाला में अध्यापन कार्य करने वाले पाठशाला अध्यापिका मालुताई जी पाटील (आक्का) इनका सन्मान सकल दिगंबर जैन समाज कुंभोज द्वारा किया गया। सकल दिगंबर जैन समाज कुंभोज द्वारा पाठशाला अध्यापिका मालुताई जी पाटील (आक्का) को उनके भविष्य निर्वाह निधी के लिए 51000 रुपये कि राशी देने का निश्चय किया हैं।

श्री आदिनाथ दिगंबर जिन मंदिर, श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिन मंदिर, श्री महावीर दिगंबर जिन मंदिर, वीर सेवा दल, वीर महिला मंडळ, शांतिसागर दिगंबर जैन पाठशाळा, शांतिसागर झांजपथक, श्री 1008 आदिनाथ झांजपथक, श्री अनंतकुमार मासुर्ले, डॉ शांतीनाथ चौगुले, श्री दादागोंडा पाटील, श्री अनिल भोकरे, श्री भरत भोकरे, श्री समोशरण भोकरे आदि मन्यावर और कुंभोज के श्रावक-श्राविकाओं ने कार्यक्रम सफल करने के लिए परिश्रम किया। -**अभिषेक अशोक पाटील**

# कर्मों से होता जीवन में भाग्य का निर्धारण : आचार्य श्री विशद सागर जी महाराज



**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटा मंदिर में धर्मसभा को सम्बोंधित करते हुए आचार्य विशद सागर महाराज ने कहा कि प्रत्येक बस्तु का अपना गुण धर्म है अपना स्वभाव है। दुनिया में दो दृष्टिकोंण होते हैं एक दुश्मन का दूसरा उपकारी का। दुश्मन का दृष्टिकोंण ये होता है कि वह सामने वाले वयक्ति को कुछ अच्छा देना नहीं चाहता क्यों कि अगर हम इसको कुछ अच्छी बस्तु अच्छी बातें या अच्छा रास्ता बता देंगे तो ये सुखी हो जायेगा क्यों कि वह सामने वालों को सुखी देखना ही नहीं चाहता। बुरे दृष्टिकोण वाला सामने वाले की भलाई कर ही नहीं सकता । उन्हांने` कहा कि सब लोग अपने गिरेवान में झांकें कि सामने वाले के प्रति तुम्हारा कैसा नजरिया है क्या तुम सामने वाले को सुखी देखना पसंद करते हो या उसकी बरबादी के लिए भगवान से दुआयों मागंते हो । उन्होंने कहा कि महावीर की वाणी है कि तुम सामने वाले को दुखी करने का भाव क्यों करते हो क्यों कि वयक्ति का जब भी बुरा होगा उसके अपने कर्मों के द्वारा हागे ा तुम क्यों उसके वारे में बुरा सोचकर पाप कमा रहे हो। धर्मसभा का शुभारम श्रेष्टजनों ने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज एव गणाचार्य विरागसागर महाराज के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जैन पंचायत अध्यक्ष डा0 अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, संयोजक सनत जैन खजुरिया, मंदिर प्रबंधक अजय जैन गगं चारी, मनोज जैन बबीना, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, शीलचंद अनौरा, अखिलेश जैन गदयाना, धन्यकुमार जैन, अमित सराफ़चंचल पहलवान, अनीता मोदी, उमा जैन सैदपुर, ममता माहे नी आदि मौजूद रहे।गौरतलव रहे आचार्य श्री विशद सागर महाराज एंव म ुनि अविचल सागर महाराज इन दिनों पार्श्व नाथ जैन अटामंदिर में ससंघ विराजमान हैं जहां अप ूर्व धर्मप्रभावना हो रही है।

# छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज का 49वां वार्षिक अधिवेशन, 4 हजार लोग होंगे उपस्थिति

## 101 लड्डू गोपाल की महापूजन रहेगा आकर्षण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज का 49वां वार्षिक अधिवेशन 12 जनवरी को भिलाई में आयोजित किया जा रहा है. पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल व संरक्षक दाऊ डॉक्टर रघुनाथ प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के निर्माण में छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज की बड़ी भूमिका रही है. उन्होंने बताया कि रायपुर के पूर्व में स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में 1927 एकड़ भूमि, तेलीबांधा तालाब, तेलीबांधा बस्ती, समाज के दानवीर दाऊ कल्याण सिंह के दान से निर्मित डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पूर्व में टीवी अस्पताल जिसमें वर्तमान में एम्स निर्मित है, यह छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज के दान से निर्मित हुआ है. इसके अलावा सैकड़ों मठ मंदिर धर्मशालाएं छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज ने दान की है जिसकी कई जमीनों का वर्तमान में अवैध लोगों द्वारा क्रय-विक्रय किया जा रहा है. इन सबको रोकने के लिए दान संरक्षण समिति अधिवेशन में बनाई जाएगी जो सभी कानूनी पहलुओं को समझते हुए समाज के संपूर्ण दान का व्यवस्थापन करेगी.

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज के 49वां वार्षिक अधिवेशन में उपस्थित 4000 दाऊ अग्रवालों के बीच दाऊ कल्याण सिंह जी की दानशीलता की परंपरा को आगे बढाते हुए 60 वर्ष से अधिक वर्ष के मध्यम वर्ग की सभी समाज के परिवार के लोगों के लिए 100 कमरों का वानप्रस्थ आश्रम निर्माण का संकल्प लिया जाएगा.

छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल व संरक्षक दाऊ डॉक्टर रघुनाथ प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज इस बात के लिए अपने समाज के लोगों को प्रेरित करेगा कि समाज के संपन्न हुआ जो भव्यता से विवाह कार्य करते हैं. अपने खर्च के कुछ अंश से अपने परिवारिक विवाह के दिन कम से कम पांच गरीब जरूरतमंद कन्याओं का ब्याह करवाए. इसके लिए 49वां वार्षिक अधिवेशन में सर्व सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीके अग्रवाल रायपुर व विशेष अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप नारायण अग्रवाल जगदलपुर व डॉक्टर जुगल किशोर अग्रवाल कोरबा को बनाया गया है.

# व्यापारी स्वाभिमान वर्ष 2025 में कैट के बड़े संकल्प : अमर पारवानी




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी की अध्यक्षयता में कैट पदाधिकारियों की मिटिंग हुई। जिसमें कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि विगत 6-7 जनवरी को दिल्ली में दो दिवसीय कैट का एक राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन आयोजित हुआ था। जिसमें कैट सी.जी. चैप्टर से कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी एवं प्रदेश महामंत्री श्री सुरिन्द्रर सिंह जी शामिल हुए थें। उन्होनें ने आगे बताया की प्रारंभिक रूप से व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के अंतर्गत बड़े संकल्प की योजना बनाई गई है जो निम्नानुसार है-

भारत में साइबर धोखाधड़ी की बढ़ती चुनौती और व्यापारियों की सुरक्षा में कैट की भूमिका। जीएसटी चुनौतियां और सरलीकृत और तर्कसंगत कर व्यवस्था के लिए आगे का रास्ता। भारत के व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना। व्यापार का डिजिटल रूपांतरण। सामाजिक वाणिज्य (सोशियल कॉमर्स) के माध्यम से व्यवसाय का सशक्तिकरण युवा नवप्रवर्तकों का पोषण करना, नवाचार, स्टार्टअप और कौशल विकास के लिए युवा भारत को बढ़ावा देना। क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स का उदय पारंपरिक भारतीय खुदरा के लिए चुनौतियां। भारत की अर्थव्यवस्था को आकार देने में महिलाओं की परिवर्तनकारी भूमिका। निष्कर्ष- क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स का उदय भारतीय रिटेल क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव ला रहा है। यह पारंपरिक व्यापारियों के लिए बड़ी चुनौती पेश करता है। हालांकि, रणनीतिक अनुकूलन और उद्योग संगठनों के समर्थन से, पारंपरिक रिटेलर्स अपनी ताकत का लाभ उठाकर इन नए मॉडलों के साथ सह-अस्तित्व और प्रगति कर सकते हैं। इससे भारत में एक संतुलित और समावेशी रिटेल इकोसिस्टम सुनिश्चित हो सकेगा।

उपरोक्त मिटिंग में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से अमर पारवानी, विक्रम सिंहदेव, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, राकेश ओचवानी, अवनीत सिंह, दीपक विधानी, अमर धिंगानी, विजय पटेल, महेश जेठानी, एवं विक्रांत राठौर आदि उपस्थित रहे।

## व्यापार समाचार

### वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में ग्रोथ ने पकड़ी रफ्तार, आम बजट 2025 होगा अहम फैक्टर!

**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय अर्थव्यवस्था में वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में वृद्धि के मजबूत संकेत मिले हैं। इसकी वजह अच्छे मानसून के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था में रिकवरी होना है। यह जानकारी बुधवार को एक रिपोर्ट में दी गई। पिछले वर्ष के मानसून सीजन में लंबी अवधि के औसत से 8 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज (एमओएलएल) की रिपोर्ट में बताया गया कि हाल में हुए राज्य स्तर के चुनावों और उपचुनावों में जीत के कारण एनडीए के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को मजबूती मिली है। इस कारण सरकार का फोकस फिर से विकास से जुड़ी पहलों को आगे बढ़ाने पर है और इससे आने वाले समय में पूंजीगत व्यय में वृद्धि होगी। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही की आय दूसरी तिमाही की आय के समान ही रहने की उम्मीद है। इस अर्निंग सीजन में फोकस बीएफएसआई, कैपिटल गुड्स, टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर और रियल एस्टेट पर होगा। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में बीएफएसआई सेक्टर की आय 8 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इस दौरान कैपिटल सेक्टर की आय सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 25 एक चुनावी वर्ष था। ऑर्डर इनफ्लो इस दौरान कमजोर रहा था, लेकिन वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में ऑर्डर बढ़ने की उम्मीद है। थर्मल पावर, रिन्यूएबल एनर्जी, टीएंडडी, डेटा सेंटर, बिल्डिंग और कारखानों में ऑर्डरिंग गतिविधि मजबूत रही है, हालांकि, पानी और रेलवे में यह कमजोर रही है। इसके अलावा बाजारों को केंद्रीय बजट और आरबीआई मौद्रिक नीति दोनों पर नजर रखने की जरूरत है। रिपोर्ट में बताया गया कि इस बार का केंद्रीय बजट काफी महत्वपूर्ण होगा, जो सरकारी पूंजीगत व्यय में संभावित पुनरुद्धार और खपत को बढ़ावा देने के उपायों के बारे में संकेत प्रदान करेगा। इसी तरह फरवरी में आरबीआई मौद्रिक नीति भी ब्याज दर के रुझान को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण होगी। रिपोर्ट के अनुसार, कुल मिलाकर देखा जाए तो भारत में मध्यम अवधि के अवसर बरकरार हैं।


### सैमसंग 22 जनवरी को मोबाइल एआई के क्षेत्र में लाएगा नई क्रांति

**नईदिल्ली।** एआई अनुभव को और भी आसान और स्मार्ट बनाने के लिए तैयार हो जाइए! गैलेक्सी एआई का नया वर्जन जल्द ही आपके मोबाइल के रोजमर्रा के इस्तेमाल को और बेहतर बनाएगा। नई गैलेक्सी एस सीरीज आपके एआई अनुभव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 22 जनवरी को सैन जोस में अनपैक्ड इवेंट आयोजित करेगा, जिसमें मोबाइल एआई के नए युग की शुरुआत होगी। इस इवेंट में प्रीमियम गैलेक्सी इनोवेशंस पेश किए जाएंगे, जो आपकी जिंदगी को पहले से भी ज्यादा सुविधाजनक बना देंगे। इस इवेंट को Samsung.com/in सैमसंग न्यूजरूम इंडिया और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर भारतीय मानक समय (आईएसटी) के अनुसार, सुबह 11:30 बजे से लाइव स्ट्री म किया जायेगा।

### 2026 तक 5 लाख लोगों को कौशल प्रदान करेगा माइक्रोसॉफ्ट

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने बुधवार को देश में कई एआई पार्टनरशिप को लेकर घोषणा की, जिसमें 5 लाख लोगों को कौशल प्रदान करने के लिए सरकार के 'भारत एआई मिशन' के साथ एक समझौता ज्ञापन भी शामिल है। डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के एक प्रभाग इंडिया एआई के साथ समझौता ज्ञापन का उद्देश्य देश भर में इनोवेशन को बढ़ावा देने, उत्पादकता बढ़ाने और इंक्लूसिव ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए एआई का लाभ उठाना है। एमओयू के तहत माइक्रोसॉफ्ट और इंडिया एआई मिलकर 2026 तक छात्रों, शिक्षकों, डेवलपर्स, सरकारी अधिकारियों और महिला उद्यमियों सहित 5,00,000 व्यक्तियों को कौशल प्रदान करेंगे। माइक्रोसॉफ्ट और इंडिया एआई इस साझेदारी के साथ ग्रामीण एआई इनोवेशन को प्रमोट करने के लिए एक एआई सेंटर फॉर एक्सीलेंस की भी स्थापना करेंगे, जिसे एआई कैटालिस्ट्स नाम दिया जाएगा। साथ ही 1,00,000 एआई इनोवेटर्स और डेवलपर्स को हैकाथॉन, कम्युनिटी-बिल्डिंग सॉल्यूशन और एआई मार्केटप्लेस के जरिए सपोर्ट किया जाएगा। एमओयू के तहत, 20 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट) एआई प्रोडक्टिविटी लैब भी सेटअप करेंगे, जो 10 राज्यों में मौजूद इन संस्थानों के 20,000 एजुकेटर्स को फाउंडेशन कोर्स प्रदान करेंगे। यह सहयोग हेल्थकेयर, एजुकेशन, एक्सेसिबिलिटी और एग्रीकल्चर जैसे सिटिजन स्केल डोमेन के लिए एआई-इनेबल्ड सॉल्यूशन डेवलप करने पर केंद्रित होगा। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और साउथ एशिया के अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने कहा, हम भारत एआई मिशन के लाभों को देश के हर कोने तक पहुंचाने और टेक्नोलॉजी- संसाधनों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हैं। आरएआईएलटीईएल और माइक्रोसॉफ्ट ने भारतीय रेलवे और पब्लिक सेक्टर स्पेस में एडवांस डिजिटल, क्लाउड और एआई ट्रांसफॉर्मेशन के लिए पांच साल की रणनीतिक साझेदारी भी की। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा हाल ही में किए गए आईडीसी अध्ययन से पता चला है कि भारत में एआई का इस्तेमाल 2023 में 63 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 72 प्रतिशत हो गया है। मंगलवार को, माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में अगले दो वर्षों में क्लाउड और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर में 3 बिलियन डॉलर का निवेश करने की योजना की घोषणा की, जिसमें नए डेटा सेंटर की स्थापना भी शामिल है। टेक दिग्गज ने 2030 तक 10 मिलियन लोगों को एआई में प्रशिक्षित और कुशल बनाने की भी घोषणा की। कंपनी ने पहले ही 2.4 मिलियन भारतीयों को एआई कौशल से सशक्त बनाया है, जिनमें सिविल सर्वेंट, कॉलेज छात्र और दिव्यांग शामिल हैं।


## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान टीम के मेंटर बनेंगे यूनिस खान !



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के सूत्रों ने बताया कि पूर्व पाकिस्तानी कप्तान यूनिस खान 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान टीम के मेंटर के रूप में जुड़ेंगे। यूनिस इससे पहले 2022 में अफगानिस्तान टीम के बल्लेबाजी कोच के रूप में छोटे कार्यकाल के लिए काम कर चुके हैं। एसीबी के सूत्रों ने बताया, यह पक्का हो गया है कि यूनिस 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान टीम के मेंटर रहेंगे। वह टूर्नामेंट से पहले तैयारी कैंप में टीम से जुड़ेंगे और चैंपियंस ट्रॉफी के अंत तक टीम के साथ रहेंगे। यूनिस खान ने 2017 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। उन्होंने 118 टेस्ट मैचों में 10,099 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 313 रहा। वहीं, 246 वनडे मैचों में उन्होंने 7,249 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 31.24 था। उन्होंने 7 शतक और 48 अर्धशतक लगाए। यूनिस ने पाकिस्तान को 2009 में इंग्लैंड में आयोजित पुरुष टी20 वर्ल्ड कप जिताया था। यूनिस ने पाकिस्तान टीम के बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया लेकिन 2021 में छह महीने बाद इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पीएसएल में पेशावर जाल्मी और अबू धाबी टी10 लीग में बांग्ला टाइगर्स के साथ कोचिंग की है। 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच पाकिस्तान और दुबई में होगी। यह पहली बार होगा जब अफगानिस्तान इस आठ टीमों वाले टूर्नामेंट में खेलेगा। अफगानिस्तान ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के साथ है, जबकि ग्रुप ए में पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश की टीमें हैं। एक भारतीय कोच, जो पहले अफगानिस्तान टीम के साथ काम कर चुके हैं, ने कहा कि यूनिस खान को मेंटर बनाना टीम की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसमें वे आईसीसी टूर्नामेंटों में खेलने वाले देशों के विशेषज्ञों को अपने साथ जोड़ते हैं। पिछले आईसीसी टूर्नामेंटों में यह नीति अफगानिस्तान के लिए फायदेमंद रही है। 2023 में, भारत के पूर्व बल्लेबाज अजय जडेजा को वनडे वर्ल्ड कप के लिए मेंटर बनाया गया था। उस टूर्नामेंट में अफगानिस्तान ने इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम को हराकर चार मैच जीते। 2024 के टी20 वर्ल्ड कप में, जो अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुआ, अफगानिस्तान ने दिग्गज ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को बॉलिंग कंसल्टेंट नियुक्त किया। उनकी मदद से टीम ने न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में यूनिस खान की भूमिका अफगानिस्तान के लिए कितनी सफल रहती है।

### महीश तीक्ष्णा बने वनडे में हैट्रिक लेने वाले श्रीलंका के 7वें गेंदबाज, न्यूजीलैंड ने जीता मैच

**हैमिल्टन( एजेंसी )।** महीश तीक्ष्णा ने वनडे क्रिकेट में हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया। वह श्रीलंका के के सातवें गेंदबाज हैं, जिन्होंने यह कारनामा किया है। तीक्ष्णा की यह हैट्रिक तीन मैचों की सीरीज के दूसरे वनडे में सेडन पार्क में हुई। यह सीरीज श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही है। मेहमान टीम की ओर से तीक्ष्णा ने यह उपलब्धि दो ओवरों में हासिल की। 35वें ओवर में, उन्होंने लगातार दो गेंदों पर न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर और नाथन स्मिथ को आउट किया। इसके बाद 37वें ओवर की पहली ही गेंद पर मैट हेनरी को पवेलियन भेजकर अपनी हैट्रिक पूरी की। तीक्ष्णा ने 8 ओवर में 44 रन देकर 4 विकेट झटके और अपनी स्पिन गेंदबाजी का बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह श्रीलंका के किसी गेंदबाज द्वारा छह साल बाद वनडे में हैट्रिक है। इससे पहले 2018 में दुश्मंथा मदुशनका ने बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक ली थी। महीश तीक्ष्णा अब श्रीलंका के उन



चुनिंदा गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं जिन्होंने वनडे में हैट्रिक ली है। इनमें चमिंडा वास, लसिथ मलिंगा, दिलशान मदुशनका, थिसारा परेरा, परवेज महरूफ और वानिंदु हसरंगा जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं। न्यूजीलैंड की पारी की बात करें तो रचिन रवींद्र ने 79 और मार्क चैपमैन ने 62 रनों की पारी खेली। बारिश के कारण खेल देर से शुरू हुआ और मैच 37 ओवर का कर दिया गया। न्यूजीलैंड ने 255/9 का स्कोर बनाया। इसके बाद श्रीलंका की टीम मात्र 30.2 ओवर में 142 रनों पर आउट हो गई।

### जॉर्ज बैली ने दी पैट कमिंस की फिटनेस पर अपडेट बताया चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेंगे या नहीं

**मेलबर्न( एजेंसी ) ।** ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बैली ने पैट कमिंस की फिटनेस को लेकर अपडेट दिया है। पैट कमिंस के आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भागीदारी पर संदेह बना हुआ है। कमिंस ने हाल ही में खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के सभी पांच टेस्ट खेले, लेकिन गर्मियों के दौरान उन्हें टखने में चोट की समस्या रही। अब इस चोट के लिए उनके स्कैन होंगे। कमिंस को श्रीलंका दौरे के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वह पितृत्व अवकाश पर हैं और अपने दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उनकी फिटनेस ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। बैली ने बताया, पैट अभी पितृत्व अवकाश पर



हैं। उनके टखने में हल्की चोट है। अगले हफ्ते उनका स्कैन होगा, जिसके बाद हमें उनकी स्थिति का सही अंदाजा होगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या कमिंस चैंपियंस ट्रॉफी में खेल पाएंगे, तो उन्होंने जवाब दिया, अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। स्कैन के नतीजे और उनकी प्रगति देखने के बाद ही फैसला होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम को इस समय अपने मुख्य तेज गेंदबाजों की चोटों से जूझना पड़ रहा है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान कमिंस ने दर्द के बावजूद खेला, जबकि मिचेल स्टार्क भी चौथे टेस्ट में चोटिल रहे लेकिन सिडनी टेस्ट में खेलने में सफल रहे। दूसरी ओर, जोश हेजलवुड की पिंडली की चोट के कारण वह गाबा टेस्ट के बाद बाहर हो गए और उन्हें भी श्रीलंका दौरे की टीम में शामिल नहीं किया गया। बैली ने हेजलवुड की रिकवरी पर भरोसा जताते हुए कहा, वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और उनकी प्रगति को लेकर हमें सकारात्मक खबरें मिल रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि श्रीलंका दौरे से हेजलवुड को बाहर रखना एहतियातन फैसला था ताकि उनकी लंबी अवधि की फिटनेस सुनिश्चित हो सके।

## यूके का प्रतिष्ठित रिवर साइड स्टूडियोज़ अब होगा अनिल अग्रवाल रिवरसाइड स्टूडियोज़ ट्रस्ट

**जयपुर( एजेंसी )।** विभिन्न महाद्वीपों में कला, संस्कृति और इनोवेशन को एक दूसरे के साथ जोड़ने के प्रयास में वेदांता ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन अनिल अग्रवाल अब आइकॉनिक रिवरसाईड स्टूडियोज़ का नेतृत्व करेंगे। लंदन की थेम्स नदी के उत्तरी किनारे पर स्थित 100 साल पुराना स्टुडियो, जिसे कला के विश्वस्तरीय केन्द्र के रूप में जाना जाता है। अब इसका संचालन 'अनिल अग्रवाल रिवरसाईड स्टुडियोज़ ट्रस्ट' के नाम से होगा। अपने गौरवशाली इतिहास में रिवरसाईड स्टुडियोज़ ने दुनिया भर से कई जाने-माने कलाकारों की मेजबानी की है, जिसमें बीटल्स द्वारा गीत की रिकॉर्डिंग, डेविड बॉवी की



परफॉर्मेंस, डारिओ फो का कार्य तथा डेविड हॉकनी द्वारा प्रदर्शित कार्य शामिल हैं। यह शुरूआत रचनात्मकता एवं विश्वस्तर पर सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की अग्रवाल की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अपने दृष्टिकोण के तहत रुआर्ट इन एवरी हार्ट पहल के ज़रिए वे कला को सार्वजनिक रूप से सुलभ बनाने तथा भारत एवं दुनियाभर के बीच समृद्ध सांस्कृतिक संबंधों पर ज़ोर देने के लिए तत्पर हैं। रिवरसाईड स्टूडियोज़ के साथ अग्रवाल ऐसे स्थानों को बढ़ावा देना चाहते हैं, जहां इनोवेशन और सांस्कृतिक विविधता एक साथ फले-फूलें, जो विश्वस्तरीय सीमाओं को दूर करने वाली कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए जीवंत हब की भूमिका निभाएं। कला एवं संस्कृति के केन्द्र के रूप में रिवर साइड स्टूडियोज़ कलात्मक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक विविधता का पर्याय बन गया है। आज स्टूडियो गर्व के साथ थिएटर्स, परफॉर्मेंस, रिकॉर्डिंग स्टूडियो, प्रदर्शनी स्थल तथा शानदार कैफे के साथ सिनेमा की भूमिका निभाता है। वेदांता ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा, ''मेरा हमेशा से मानना रहा है कि कला में सीमाओं को पार करने, लोगों को एकजुट करने तथा मनुष्य के अनुभव को बेहतर बनाने की अद्भुत क्षमता है। रिवर साईड स्टूडियोज़ भारतीय एवं विश्वस्तरीय कला और संस्कृति के प्रदर्शन के लिए प्रमुख विश्वस्तरीय गंतव्य बन चुका है। मैं भारतीय कलाकारों और फिल्म समुदायों को इस विश्वविख्यात स्थल पर अपनी कलात्मक प्रतिभा को दर्शाने के लिए आमंत्रित करता हूं। अब विभिन्न क्षेत्रों के ग्लोबल लीडर्स अपने वास्तविक जीवन की यात्रा एवं अनुभवों के साथ दर्शकों को रोमांचित कर सकते हैं।

### भारत में स्टील की मांग 2025 में 9 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान : रिपोर्ट

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत में स्टील की मांग कैलेंडर वर्ष 2025 में 8 से 9 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। इसकी वजह हाउसिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंजीनियरिंग, पैकेजिंग और अन्य सेगमेंट्स में स्टील की मांग बढ़ना है। यह जानकारी रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट में बुधवार को दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत के उलट वैश्विक स्तर पर स्टील की मांग में इस साल धीमापन देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में भारत में स्टील की मांग बढ़कर 11 प्रतिशत और ब्राजील में 5.6 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। वहीं, ग्लोबल स्तर पर स्टील की मांग में लगभग 1 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। चीन, जो सबसे बड़ा स्टील उत्पादक और उपभोक्ता भी है, में मांग में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसकी वजह अनुकूल नीतिगत बदलावों और सहायता पैकेज जारी होने के बावजूद रियल एस्टेट क्षेत्र में स्टील की मांग में गिरावट होना है। यूरोप, जापान और अमेरिका से भी स्टील की मांग में 2-3 प्रतिशत की अनुमानित गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और ब्राजील जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में मांग में वृद्धि ने वैश्विक स्तर पर स्टील की मांग में भारी गिरावट को रोका है। रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में सभी प्रमुख निर्यातकों से तैयार स्टील के आयात में काफी वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए, 2022 और 2024 के बीच चीन से तैयार स्टील के आयात में 2.4 गुना वृद्धि हुई है। वहीं, हॉट रोल्ड कॉइल्स के आयात में 28 गुना का इजाफा हुआ है। इसी तरह जापान से तैयार स्टील के कुल आयात में 2022 के आधार से 2024 में 2.8 गुना वृद्धि हुई, जबकि एचआरसी आयात में 16.6 गुना वृद्धि हुई और वियतनाम से तैयार स्टील के आयात में आठ गुना वृद्धि हुई।

### वी ऐप : आपका वन-स्टॉप डेस्टिनेशन, एक ही ऐप पर पाएं मनोरंजन, खरीददारी और अन्य सुविधाओं के फायदे

**रायपुर।** आज की व्यस्त दुनिया में कनेक्टिविटी की ज़रूरत तेज़ी से बढ़ रही है, लोग चाहते हैं कि ज़रूरी सुविधाएं उन्हें जल्द से जल्द मिल सकें, और वे किफ़ायती दाम पर मनोरंजन का लुत्फ़ उठा सकें। वी की ओर से वन-स्टॉप डेस्टिनेशन वी ऐप ने आपकी इन सभी ज़रूरतों को आसान बना दिया है। यह एक ऐप से कहीं बढ़कर है- यह आपको पेमेंट, एंटरटेनमेन्ट और ई-कॉमर्स की सुविधाएं देता है, साथ ही आपके वी अकाउन्ट को मैनेज करने में भी मदद करता है। यही कारण है कि आज वी ऐप लाखों उपभोक्ताओं के रोज़मर्रा के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

**कम स्पीड पर भी आसानी से करें रीचार्ज**- ज़रूरत के समय डेटा खत्म होना कई बार तनाव का कारण बन जाता है। लेकिन वी ऐप के साथ 'अनलिमिटेड डेली डेटा पैक' का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता डेटा कोटा खत्म हो जाने के बाद भी रीचार्ज कर सकते हैं, चाहे स्पीड 64 केबीपीएस से भी कम हो। इस फीचर के चलते आपको रीचार्ज करने के लिए किसी से वाय-फाय या हॉटस्पॉट उधार नहीं लेना पड़ेगा। यहां तक कि कम स्पीड पर भी ऐप का एमरजेन्सी एक्सेस सुनिश्चित करता है कि आप बिना किसी परेशानी के रीचार्ज कर सकें, पेमेंट कर सकें, या ज़रूरी मदद पा सकें।

**रीचार्ज के एक्सक्लुज़िव ऑफर्स**- वी के उपभोक्ताओं को हमेशा वी ऐप पर कुछ बेहतर ही मिलता है! रु 579 और रु 859 के पैक पर एक्स्ट्रा डेटा हो या रु 795 पर एक्स्ट्रा वैलिडिटी या अन्य रीचार्ज पर फ्लैट डिस्काउन्ट! इसके अलावा वी ऐप पर कोई भी रीचार्ज करने पर आपको कोई कन्वीनिएन्स शुल्क नहीं देना पड़ता। इतना हीं नहीं, सालाना पैक के साथ रीचार्ज करने वाले वी के यूज़र रु 100 तक का एक्सक्लुज़िव डिस्काउन्ट और 50 जीबी एक्स्ट्रा डेटा पा सकते हैं!

### लोक सभा के स्पीकर श्री ओम बिरला ने कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के दृष्टिकोण की सराहना की

**रायपुर।** लोक सभा के माननीय स्पीकर श्री ओम बिरला ने 100 साल पुराने रिवरसाईड स्टुडियो ट्रस्ट को कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने वाले सर्वश्रेष्ठ इंटरनेशनल सेंटर में बदलने के लिए वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के दृष्टिकोण की सराहना की। थेम्स नदी के उत्तरी किनारे पर स्थित विश्वविख्यात ग्लोबल सेंटर ऑफआर्ट्स में सभा को सम्बोधित करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि यह स्टुडियो दुनिया भर के कलाकारों एवं परफोर्मर्स को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा। विभिन्न महाद्वीपों में कला, संस्कृति एवं इनोवेशन को एक दूसरे के साथ जोड़ने के प्रयास में वेदांता ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन अनिल अग्रवाल अब इस आइकोनिक रिवरसाईड स्टुडियोज़ के मालिक होंगे। 'मैं श्री अग्रवाल को धन्यवाद देना चाहूंगा, जो इतने प्रतिष्ठित मंच पर कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। दुनिया भर के कलाकारों को अब लंदन के इस सेंटर से संस्कृति एवं कला के प्रदर्शन का अवसर मिलेगा।' श्री बिरला ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा, ''रिवरसाईड स्टुडियोज़ ट्रस्ट इन कलाकारों की प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए विश्वस्तरीय मंच की भूमिका निभाएगा।' श्री बिरला ने कला, संस्कृति एवं इनोवेशन के संयोजन के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने वाले प्रतीक के रूप में रिवरसाईड स्टुडियोज़ की सराहना की। इस अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए वेदांता के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल ने कहा, ''रिवरसाईड स्टुडियोज़ में श्री ओम बिरला का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

### नामा परिवर्तन

मै शपथकर्ता अशोक कुमार चौहान पिता श्री झुन्नी लाल चौहान निवासी मकान भदौरा बिलासपुर जैतराम नगर छग का रहने वाला हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि

1 यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य व सही है।

2 यह कि मेरी पुत्री सिद्धी चौहान का जन्म दिनांक 17/09/2024 को हो चुका है जन्म प्रमाण पत्रा बनवाया गया है।

3 यह कि मेरी पुत्री का सही नाम सिद्धी चौहान है परन्तू जन्म प्रमाण पत्र में रिद्धी चौहान दर्ज अंकित हो चुका है जो कि गलत व भूलवश दर्ज अंकित हो चुका है।

4 यह कि मेरे पुत्री के जन्म प्रमाणा पत्र में सही नाम कु. सिद्धी चौहान दर्ज अंकित करवाना चाहता हूं व नया जन्म प्रमाण पत्र प्रपाप्त करना चाहता हूँ शपथ पत्र महोदय के समक्ष प्रस्तूत किया जा रहा है। सत्यापन-

मै शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र कि कण्डिका 01 से 04 तक कि बाते सत्य व सही है अपना हस्ताक्षर कर दिया जा रहा है।

**शपथकर्ता**
**अशोक कुमार चौहान**

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 11 जनवरी 2025

## आकाशवाणी : 'बातों-बातों में' इस बार उप मुख्यमंत्री अरुण साव

**रायपुर (विसं)।** आकाशवाणी रायपुर के प्रादेशिक समाचार एकांश के सम-सामयिक विषयों पर लोकप्रिय कार्यक्रम 'बातों-बातों में' इस बार उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव का विशेष साक्षात्कार प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी द्वारा शनिवार, 11 जनवरी को सवेरे साढ़े दस बजे इसे प्रसारित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र इसे रिले करेंगे। इस कार्यक्रम को आकाशवाणी के मीडियम वेब 981 किलोहर्टज और एफ.एम. चैनल 101.6 मेगाहर्ट्ज पर सुना जा सकता है।



# संक्षिप्त समाचार

## अक्षरा अमित को कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान किया गया



**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा अक्षरा अमित को पीएचडी की उपाधि उनके शोध शीर्षक Investing the legal status, Ethical codes and Gudidelines in Clinical and Medical Practices. पर शोध कार्य पूर्ण करने पर प्रदान की गई है. इस शोध कार्य से छत्तीसगढ़ के डाक्टरों के कानूनी मान्यताओं के तहत क्लिनिकल मेडिकल के टरमोलॉजी के आधार पर प्रेक्टिस करने में कानूनी अड़चने दूर हों सकेंगे. अक्षरा अमित पति सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि इस शोध से दूरस्थ अंचलों में प्रेक्टिस कर रहे डाक्टरों को किन किन कानूनी अड़चनों से गुजरने पड़ते हैं उन सबसे कैसे निजात मिलेगी.शोध कार्य इन्होंने डॉ. प्रमेश् केशरवानी के निर्देशन् में किया है. अक्षरा अमित ने पीएचडी के प्रेरक वरिष्ठ पत्रकार अमित मिश्रा और शिक्षिका माता शर्मिला मिश्रा को बताया है.

## बीरगांव में किया गया नमस्ते योजना के तहत पीपीई किट का वितरण



**बीरगांव (विश्व परिवार)।** बीरगांव नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण, सफाई मित्र सुरक्षित सुरक्षा के तहत नगर पालिक निगम बीरगांव में शुक्रवार को नमस्ते स्कीम के अंतर्गत सेप्टिक टैंक सफ़ाई कर्मियों को सुरक्षा उपकरण पी पी ई किट का वितरण किया गया। यह पहल सफ़ाई कर्मियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया जिसमे पीपीई किट में 3 मास्क, दस्ताने, गमबूट, गॉगल्स और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण वितरित किये गए साथ ही सफाई मित्र सुरक्षा के संबंध में महापौर नंदलाल देवांगन एमआईसी मेंबर स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष मोहम्मद रियाज आयुक्त युगल किशोर उर्वशा के द्वारा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए एवं सुरक्षा के साथ कार्य करने हेतु कहा गया। नमस्ते स्कीम, एवं सेफ्टी टैंक सफाई के संबंध में विस्तृत जानकारी स्वच्छ सर्वेक्षण के नोडल अधिकारी प्रभारी कार्यपालन अभियंता डी एल देवांगन द्वारा दी गई, इस कार्यक्रम में माननीय महापौर नंदलाल देवांगन, एमआईसी मेंबर स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष मोहम्मद रियाज, संतोष, एवं पार्षद होरीलाल साहू जी नगर पालिका निगम बिरगांव के निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वशी, स्वच्छ सर्वेक्षण के नोडल अधिकारी प्रभारी कार्यपालन अभियंता डी एल देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक अर्जुन सिंह पवार स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक पीआईयू विकास जांगड़े एवं निगम के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार हो रहा है विस्तार

## हार्ट सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू एवं टीम ने किया मप्र के मरीज की सफल हार्ट सर्जरी

**दूसरे प्रदेश के लोग भी ओपन हार्ट सर्जरी के लिए करने लगे अम्बेडकर अस्पताल का रूख**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर राज्य के सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं में दिनों दिन वृद्धि हो रही है। इसका नतीजा है कि स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में पंडित नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय से संबध्द डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के प्रति लोगों का विश्वास दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। इस संस्थान के विभिन्न विभागों के डॉक्टरों की समर्पित टीम एवं पैरामेडिकल स्टाफ की बदौलत जटिल से जटिल मेडिकल केस में डॉक्टरों को सफलता मिली है। यही वजह है कि न केवल राज्य बल्कि पड़ोसी राज्यों के मरीज भी यहां उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।

इसी कड़ी में हाल ही में अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग के डॉक्टरों की टीम ने मध्यप्रदेश निवासी एक मरीज की एक बार फिर सफल ओपन हार्ट सर्जरी की है। हार्ट सर्जरी का यह केस इसलिए विशेष है क्योंकि मरीज का हृदय मात्र 35 प्रतिशत ही काम कर रहा था। मरीज को रूमैटिक हार्ट डिजीज नामक बीमारी थी जिसके कारण मरीज के दो वाल्व क्रमशः एओर्टिक वाल्व और माइट्रल वाल्व में सिकुड़न थी एवं तीसरे वाल्व ट्राइकस्पिड वाल्व में लीकेज था। विभागाध्यक्ष हार्ट सर्जरी डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में हुए इस ऑपरेशन में मरीज के हृदय के इन दोनों वाल्व को टाइटेनियम मेटल के वाल्व से बदला गया एवं तीसरे वाल्व को रिपेयर किया गया। सर्जरी के पश्चात् मरीज के स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है एवं एक-दो दिन बाद मरीज को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। यह ऑपरेशन शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान योजना के अंतर्गत पूर्णतया निशुल्क हुआ है। अम्बेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर कहते हैं कि अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों के साथ हमारी कोशिश रहती है कि मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा का लाभ मिले। मध्यप्रदेश जैसे पड़ोसी राज्यों के मरीजों का भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत यहां उपचार संभव हो रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं के ऐसे विस्तार ने अम्बेडकर अस्पताल के प्रति लोगों का भरोसा बरकरार रखा है।

## आवास योजना के लाभार्थियों का पांव पखार कर केंद्रीय मंत्री चौहान और मुख्यमंत्री साय ने किया अभिनंदन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** केंद्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दुर्ग जिले के ग्राम नगपुरा में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जनमन योजना, नियद नेल्ला नार योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का पांव पखारकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम सहित अन्य अतिथियों ने भी आवास योजना के लाभार्थियों का पांव पखार कर अभिनंदन किया।

## अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस बैडमिंटन प्रतियोगिता में रायपुर की मनीषी सिंह ने जीते दो स्वर्ण पदक




**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर की अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी माध्यमिक शिक्षा मंडल के सहायक प्राध्यापक मनीषी सिंह ने अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस प्रतियोगिता के 40+ सिंगल एवं डबल्स के बैडमिंटन मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन कर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस बैडमिंटन प्रतियोगिता में मनीषी सिंह को बेस्ट टूर्नामेंट ऑफ द वूमेन के प्राइज से नवाजा गया। मनीषी सिंह ने पिछले चार वर्षों से अपने खेल के दम पर पूरे भारत में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं रायपुर के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने बधाई दिया है।

मनीषी ने अपने प्रीश क्राश मैच में अंडमान निकोबार की प्रभावती को 15-07, 15-08, क्वार्टर फाइनल में उत्तराखंड की कविता को 21-12, 21-10, सेमीफाइनल में महाराष्ट्र की फारूक को 21-15, 21-19, एवं फाइनल मुकाबले में आरएसबी अहमदाबाद की नीलम पांडा को 21-16, 21-15 से हराकर स्वर्ण पदक में कब्जा जमाया। वही डबल्स के मुकाबले में मनीषी एवं शालिनी यादव की जोड़ी ने प्रीश क्वार्टर में चेन्नई के भुनेश्वरी एवं प्रीथा को 21-05, 21-06, क्वाटर फाइनल में उत्तराखंड के ज्योति एवं कविता को 21-10, 21-12, सेमीफाइनल में प्रतियोगिता की नंबर वन जोड़ी हरियाणा की प्रतिभा एवं सुनीता को 21-15, 21-23 एवं फाइनल मुकाबले में अहमदाबाद की नीलम एवं फारूक को 21-12, 21-16 से हराकर स्वर्ण पदक में अपना कब्जा जमाया।

## छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की 617 शाखा का गोबरा नवापारा जिला रायपुर में शुभारंभ




**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज दिनांक 7 जनवरी 2024 को शाखा गोबरा नवापारा में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक 617 वीं शाखा का शुभारंभ बैंक के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार अरोरा द्वारा किया गया इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकगण राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री गिरधारी अग्रवाल व्यवसायी श्री पंकज जैन आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक राज्य का सर्वाधिक शाखाओं वाली बैंक है जिसकी शाखाएं उत्तर से दक्षिण एवं पूर्व से पश्चिम राज्य के हर क्षेत्र में स्थित है बैंक द्वारा राज्य के प्रत्येक चौथे नागरिक को बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जा रही है हमारा बैंक में सभी आधुनिक बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है उनके द्वारा नवापारा के निवासियों को अत्याधुनिक बैंकिंग सुविधा के साथ उत्तम ग्राहक सेवा प्रदाय करने का आश्वासन दिया गया।

इस अवसर अध्यक्ष महोदय एवं क्षेत्रीय प्रमुख श्री सुरेश कुमार सिंह राजपूत द्वारा उपस्थित ग्राहकों से बैंक में उपलब्ध बैंकिंग सुविधा एवं योजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। शाखा प्रबंधक श्री शाश्वत सिंह एवं वरिष्ठ प्रबंधक श्री संजय गोयल ने ग्राहकों का स्वागत किया।

## एनआईटी रायपुर में तीसरा IEEE अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ऑन एम्बिएंट इंटेलिजेंस इन हेल्थकेयर (ICAIHC-2025) का हुआ शुभारंभ

**पब्लिक एंड मीडिया रिलेशंस सेल**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर द्वारा आयोजित तीसरे इ्श्वश्वश्व अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ऑन एम्बिएंट इंटेलिजेंस इन हेल्थकेयर (ICAIHC-2025) का 10 जनवरी 2025 को शुभारंभ हुआ। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। हाइब्रिड मोड में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि, के रूप में छत्तीसगढ़ के एडिशनल डायरेक्टर जनरल आईपीएस श्री प्रदीप गुप्ता मौजूद रहे। एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एन. वी. रमना राव और डीन (अकादमिक) डॉ. श्रीश वर्मा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से हुई, जिसके बाद गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

इसके बाद, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की प्रमुख डॉ. प्रियंका त्रिपाठी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और पूरे भारत से आए सभी अतिथियों, प्रतिनिधियों और प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा सम्मेलन की मुख्य बातों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इसके बाद डॉ. तृप्ति स्वर्णकार ने सम्मेलन के विषय पर विषयगत भाषण दिया। फिर एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एन वी रमना राव ने आने वाले भविष्य में हेल्थकेयर में एम्बिएंट इंटेलिजेंस के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि एम्बिएंट इंटेलिजेंस का उद्देश्य व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित सहायता प्रदान करके हेल्थकेयर को बेहतर बनाना है, जिसमें एकीकृत इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड के माध्यम से बीमारियों की भविष्यवाणी और रोकथाम के लिए डेटा का लाभ उठाने के लिए एआई का उपयोग किया जाता है। डॉ. राव ने यह भी उल्लेख किया कि ऐसी नई तकनीक गोपनीयता, सुरक्षा और उच्च कार्यान्वयन लागत जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन यह स्वास्थ्य सेवा में क्रांति लाने की क्षमता रखती हैं।

डॉ. श्रीश वर्मा ने कॉन्फ्रेंस के व्यापक दायरे पर प्रकाश डाला, उन्होंने तकनीक के माध्यम से जीवन को सरल बनाने में एर्गोनॉमिक्स और एम्बिएंट इंटेलिजेंस के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने एम्बिएंट इंटेलिजेंस की बहु-विषयक प्रकृति को प्रदर्शित करते हुए मानव-कंप्यूटर इंटरैक्शन पर भी चर्चा की।

इसके बाद विशिष्ट अतिथि श्री. प्रदीप गुप्ता ने मंच संभाला और इस तरह के ज्ञानवर्धक सम्मेलन का हिस्सा बनने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान की तीव्र गति अक्सर पुराने नवाचारों को अप्रासंगिक बना देती है, जिससे तकनीकी विकास को बढ़ावा मिलता है। जबकि एआई एक पुराना विषय है, यह चिंता का विषय बन गया है कि यह हावी हो जाएगा। हालांकि, उन्होंने स्वास्थ्य सेवा पर एआई के लाभकारी प्रभाव को देखकर राहत महसूस की। उन्होंने नए समाधानों को सीखने और लागू करने में सक्रिय रहने की आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि हर क्षेत्र में चुनौतियां निरंतर बनी रहती हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक पुलिसकर्मी के रूप में एआई अपराधियों की कार्यप्रणाली को समझने में सहायता कर सकता है। उन्होंने उल्लेख किया कि भविष्य में, हम ऐसे एल्गोरिदम विकसित कर सकते हैं जो मशीन लर्निंग का उपयोग करके अधिकारियों को ऐसे अपराधियों से निपटने में मदद कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए खोला शासकीय सेवा का पिटारा

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए शासकीय सेवा का पिटारा खोल दिया है। विभिन्न विभागों के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा एवं प्रवेश परीक्षाओं के लिए व्यापम ने 2025 के लिए कैलेंडर जारी कर दिया है, जिसमें 32 से अधिक परीक्षाओं की संभावित तिथियां दी गई हैं, जिसमें उप अभियंता, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, मत्स्य निरीक्षक, एडीईओ से लेकर पुलिस कांस्टेबल, स्टॉफ नर्स, वार्ड ब्वॉय तक के पद शामिल हैं। ये परीक्षाएं 09 मार्च 2025 से शुरू हो कर 21 दिसम्बर 2025 तक चलेंगी। संचालनालय कृषि विभाग के अंतर्गत जिनमें प्रयोगशाला सहायक 09 मार्च 2025 और सहायक सांख्यिकी अधिकारी 13 अप्रेल 2025, संचालनालय मछली पालन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निरीक्षक 23 मार्च 2025, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत उप अभियंता (सिविल एवं वि/यां.), तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत पी.पी.टी. और प्री.एम.सी.ए. का 1 मई, पी.ई.टी. एवं पी.पी.एच.टी. की परीक्षाएं 8 मई 2025 को होगी।

## बिजली बिल बकाया वसूली के लिए चलेगा विशेष अभियान

### रायपुर शहर क्षेत्र के मुख्य अभियंता ने अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी बिजली बिल बकाया वसूली के लिए विशेष अभियान चलाएगी। रायपुर (शहर) क्षेत्र के मुख्यअभियंता श्री एम जामुलकर ने मुख्य अभियंता का पद संभालने के लिए बाद अधिकारियों के साथ विद्युत सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उपभोक्ता सेवा को प्रमुखता प्रदान करने तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति को पहली प्राथमिकता प्रदान करने अधिकारियों को निर्देश दिए। गुढ़ियारी स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने बिजली बिल के बकाया वसूली के लिए विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

बिजली बिल बकाया वसूली के लिए बकाया राशि के अनुरूप अधिकारियों को समीक्षा कर आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि औद्योगिक एवं गैर घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के विरूद्ध बकाया राशि दस हजार तक होने पर कनिष्ठ अभियंता, दस हजार से बीस हजार तक सहायक अभियंता, बीस हजार से पचास हजार तक कार्यपालन अभियंता, पचास हजार से एक लाख तक अधीक्षण अभियंता एवं एक लाख से ऊपर के बकाया राशि पर मुख्य अभियंता समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। बैठक के दौरान रायपुर शहर क्षेत्र के अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता तथा कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारी मौजूद थे. इस दौरान श्री जामुलकर ने विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों की भी समीक्षा की और अपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अधिक से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने विशेषकर शासकीय सेवकों को इस हेतु आगे आने का आह्वान भी किया। उन्होंने वितरण हानि को कम करने के लिए अधिक कारगर उपायों पर बल दिया। स्मार्ट मीटरिंग को तेजी से पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करने के भी निर्देश दिए।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने खट्टा गांव में स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया

**फाइलेरिया और सामान्य स्वास्थ्य जागरूकता पर केंद्रित एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने महासमुंद जिले के खट्टा गांव में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को लिम्फेटिक फाइलेरिया, सामान्य स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया और रक्त, शर्करा और रक्तचाप की जांच सहित मुफ्त चिकित्सा जांच की गई।

शिविर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टा के प्राचार्य श्री ओमनारायण शर्मा और यूनिवर्सिटी के कई प्रमुख व्यक्तियों का विशेष सहयोग मिला। शिविर में, प्रमुख वक्ताओं ने स्वास्थ्य संबंधी मामलों पर बहुमूल्य सलाह साझा की, जिसमें यूबीए समन्वयक डॉ. अनुभूति कोशले ने लिम्फेटिक फाइलेरिया, एक संभावित गंभीर बीमारी के लिए समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अंजलि यादव ने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य जागरूकता ऐसी बीमारियों को रोकने की कुंजी है। राजेंद्र पटेल, सहायक प्रोफेसर ने नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य को बनाए रखने की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने फाइलेरिया के लक्षण, उपचार और रोकथाम पर जानकारीपूर्ण सत्र दिए। इसके अतिरिक्त, ग्रामीणों के लिए निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। शिविर का समापन डॉ. अनुभूति कोशले के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## मैक के रोवर-रेंजर ने की मनाली कैंप की यात्रा, नेशनल एडवेंचर में हिस्सा लिया




**रायपुर (विश्व परिवार)।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (मैक), समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) के रोवर क्रू एवं रेंजर टीम मनाली कैंप के प्रतिभागी बनें। प्रतिभागियों के साथ इंचार्ज श्री अभिजीत चक्रवर्ती भी इस एडवेंचर कैम्प का हिस्सा बनें। मनाली कैंप में सभी ने अपनी यात्रा के दौरान एक अविस्मणीय अनुभव प्राप्त किया। इस नेशनल कैंप का मार्गदर्शन मैक महाविद्यालय के चेयरमेन श्री राजेश अग्रवाल के निर्देशन में पूर्ण हुआ। सुखद यात्रा की सफलता के लिए बधाइयां दी।

मनाली कैंप के प्रथम दिन छात्र-छात्राओं ने व्यास नदी ट्रैकिंग, बुनियादी पर्वतारोहण कक्षा, भव्य कैंप फायर जिसमें मैक रोवर रेंजर छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभागी रहें। उसके पश्चात् द्वितीय दिवस 1800 फीट पहाड़ की चढ़ाई, जिपलाइन, रस्सी पर फिसलना, तीरदांजी, शूटिंग जैसी गतिविधियों का हिस्सा बने। अन्य दिनों कैंप फायर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऐतिहासिक हिडिम्बा मंदिर की यात्रा एवं क्लाइम्बिंग और रैपलिग किया, जहां उन्होंने बर्फ से ढकी पहाड़ियों और अनमोल प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव किया। स्थानीय संस्कृति और परंपराओं से परिचित होने के साथ-साथ, इस कैंप ने युवाओं को प्रकृति के करीब लाने और साहसिक खेलों में भाग लेने का अनूठा अवसर प्रदान किया। यात्रा को लेकर प्रतिभागियों में उत्साह और संतुष्टि का महौल था। कैंप के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ की टीम को बैकवुड्समैन में सर्वश्रेष्ठ टीम कुकिंग और सर्वश्रेष्ठ सक्रिय टीम का खिताब दिया गया। रोचकता, उमंग एवं अनुभव के साथ 5 दिवसीय मनाली यात्रा का सुखद पड़ाव पूर्ण हुआ। यह पूरा कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम. एस. मिश्रा एवं एडमिनिस्ट्रेटर सुश्री शिवांगी मिश्रा के निर्देशन में पूर्ण हुआ।

## बस्तर के कोटगढ़ नाला पर एनीकट निर्माण के लिए 2.77 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने बस्तर जिले के कोटगढ़ नाला पर ग्राम पखनाकोंगेरा में मौलीमाता के पास एनीकट निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 77 लाख नौ हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354